बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

संस्कार उजाला SANSKAR UJALA www.sanskarujala.com

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार



संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 156 | शुक्रवार 27 सितम्बर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

सदन में बोले अरविंद केजरीवाल....

# मोदी जी बहुत ताकतवर, पर भगवान नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को अपने इस्तीफे के बाद पहली बार दिल्ली विधानसभा को संबोधित करते हुए अपने विरोधियों पर कटाक्ष किया। इसके साथ ही उन्होंने जमानत के लिए भगवान का धन्यवाद भी किया। उन्होंने भाजपा पर तंज भरे लहजे में कहा कि विपक्ष में मेरे साथी मनीष सिसोदिया और मुझे यहां देखकर दुखी होंगे। उन्होंने अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि मैं हमेशा कहता हूं कि पीएम मोदी बहुत शक्तिशाली हैं और उनके पास बहुत सारे संसाधन हैं लेकिन मोदी भगवान नहीं हैं लेकिन जो भगवान हैं वह हमारे साथ हैं। मैं सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देना चाहता हूं।

केजरीवाल ने कहा कि आज मैं सीएम के साथ सड़क निरीक्षण के लिए गया था। मेरे जेल जाने से पहले दिल्ली विश्वविद्यालय की सड़कें बहुत अच्छी हुआ करती थीं और मैंने उनसे वहां की सड़कों की मरम्मत के लिए आदेश पारित करने के लिए कहा है।



इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं तीन-चार दिन पहले एक भाजपा नेता से मिला था। मैंने उनसे पूछा कि क्या मुझे जेल भेजने से कोई फायदा हुआ तो उन्होंने कहा कि हमने पूरी दिल्ली सरकार को पटरी से उतार दिया।

उन्होंने कहा कि मैं स्तब्ध रह गया कि देश की राजधानी के 2 करोड़ लोगों की जिंदगी खराब करके वे खुश हो रहे हैं... उनका मकसद था आम आदमी पार्टी की सरकार को बदनाम करना ताकि उनको वोट मिल जाएं... 27 साल से भाजपा का दिल्ली में वनवास है अब ये दिल्ली की जनता को परेशान करके वोट लेना चाहते हैं। केजरीवाल ने दम भरते हुए कहा कि आपके पास तो केंद्र सरकार है। केंद्र सरकार के पास अथाह पैसा है। केजरीवाल 500 मोहल्ला क्लीनिक बनाता है आप 5000 मोहल्ला क्लीनिक बनाओ न दिल्ली में। आपको कौन रोक रहा है?... जनता बड़ी सयानी है। जनता देखती है, चुप रहती है। वोट वाले दिन जब बटन दबाने जाती है तो अपना गुस्सा जाहिर करती है।

इस महीने की शुरुआत में तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद अपने पहले भाषण में आप नेता ने कहा, ÷केजरीवाल कुछ भी हो सकता हैं, लेकिन वह भ्रष्ट नहीं हैं।÷ आप नेता ने आगे कहा कि दिल्ली की जनता के मन में दो बातें हैं। पहली केजरीवाल कट्टर ईमानदार है और दूसरा केजरीवाल जनता के लिए काम करता है... वे (भाजपा) उन दोनों बातों पर चोट करना चाहते थे... उन दोनों बातों पर चोट किया। उन्होंने कहा कि मुझ पर फर्जी केस किया... सबको जेल में डाल दिया। हमारी पार्टी के 5 सबसे बड़े नेताओं को जेल में डालने के बाद भी हमारी पार्टी मजबूती के साथ खड़ी है। मैं चुनौती देता हूं, आपकी पार्टी के 2 लोगों को जेल में डालने पर वो टूट न जाए।

## 'केजरीवाल बातों के बाज़ीगर, फिल्मों और टीवी सीरियलों में हो सकते थे सफल', 'आप' प्रमुख के दावे पर बीजेपी का पलटवार

जब से अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में सीएस की कुर्सी छोड़ी है, हर दिन वह भाजपा के खिलाए एक नया एजेंडा लेकर आ जाते हैं। आज एक बार फिर से भाजपा को लेकर केजरीवाल ने बड़ा दावा कर दिया। हालाकि, केजरीवाल के दावे पर भाजपा की ओर से पलटवार किया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज केजरीवाल को बातों का बाज़ीगर बताया और कहा कि अगर वह राजनीति में ना आये होते तो फिल्मों एवं टीवी सीरियलों की पटकथा में भी सफल हो सकते थे। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि खेदपूर्ण है कि वह अरविंद केजरीवाल आज नैतिकता की बात कर रहे हैं जिन्होने केवल खुद को सीएम पद पर बनाये रखने के लिए लोकतंत्र की सभी मर्यादाओं को तार-तार किया और जेल जा कर भी इस्तीफा ना देकर दिल्ली के विकास एवं रखरखाव को ठप्प कर दिया। अपना हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि केवल केजरीवाल जैसा व्यक्ति ही विधानसभा के पटल पर ऐसे सफेद झूठ बोल सकते हैं जैसे आज उन्होने विधानसभा में बोले। सचदेवा ने कहा की जिन अरविंद केजरीवाल के शासन में दिल्ली को 7 नये स्कूल नही मिले वह विधानसभा में 700 स्कूल बनाने का दावा कर गये। इसी तरह 500 मोहल्ला क्लीनिक बनाने का दावा किया जबकि दिल्ली में आज मात्र 300 के लगभग चालू मोहल्ला क्लीनिक हैं जिनमे ना कोई जांच की सुविधा है ना दवा की और इस सब के लिए केजरीवाल सरकार द्वारा बिना किसी योजना के प्रशासनिक प्रक्रिया पालन के इनका निर्माण करना। केजरीवाल ने झूठ बोला की मेरे पीछे से बस मार्शल हटा दिये जबकि सच यह है कि केजरीवाल ने पहले बस मार्शलों की बिना प्रशासनिक स्वीकृति नियुक्ति कर उनके जीवन से खिलवाड़ किया फिर जब उनका मामला जांच में फंस गया तो खुद पत्र लिख कर उनको हटाने की सिफारिश की जो पत्र रिकार्ड पर है।

# संरा और विश्व व्यापार संगठन में जल्द सुधार की आवश्यकता: जयशंकर



न्यूयॉर्क/नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को न्यूयॉर्क में ब्राज़ील की अध्यक्ष वाले जी 20 विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक में संयुक्त राष्ट्र और उसके सहायक निकायों के सुधार, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला में सुधार तथा बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में सुधार पर भारत के विचारों पर प्रकाश डाला। बैठक की अध्यक्षता ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने की और इसमें दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी उपस्थित रहे। डा. जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आज न्यूयॉर्क में जी 20 विदेश मंत्रियों की बैठक में 'वैश्विक शासन सुधार विषय पर बात की। प्रतिनिधित्वपूर्ण, विश्वसनीय और प्रभावी बहुपक्षवाद सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुधारों की तात्कालिकता पर प्रकाश डाला। इसमें दोनों श्रेणियों में यूएनएससी का विस्तार शामिल है।' उन्होंने पोस्ट में कहा, 'मजबूत, व्यापक और प्रभावी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला की अनिवार्यता पर ध्यान दिया गया। विकासशील विश्व की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंक (एमडीबी) में सुधार के लिए जी20 में भारत के प्रयासों के बारे में बात की। अतरराष्ट्रीय व्यापार प्रणाली के लिए संरक्षणवाद और बाजार-विकृत प्रथाओं की चुनौतियों को रेखांकित किया गया। नियम-आधारित, गैर-भेदभावपूर्ण और निष्पक्ष बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए डब्ल्यूटीओ में व्यापक सुधारों का आह्वान किया गया।' विदेश मंत्री ने याद दिलाया कि भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान महत्वपूर्ण प्रगति हुई थी, जिसमें नेताओं ने विकास और जलवायु वित्त का विस्तार करने का आह्वान किया था और एमडीबी को अपने दृष्टिकोण, प्रोत्साहन संरचनाओं, परिचालन दृष्टिकोण और वित्तीय क्षमताओं को परिष्कृत करने के लिए प्रोत्साहित किया था, ताकि उनके विकासात्मक प्रभाव को अधिकतम किया जा सके।

# परिवर्तन यात्रा को लेकर झारखंड पहुंचे राजनाथ सिंह, कहा- राजीव गांधी के समय 100 में से 85 रुपए भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ जाता था

**धनबाद (एजेंसी)।** राजनाथ सिंह ने धनबाद में कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत 'भ्रष्ट' झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को विधानसभा चुनाव में झारखंड से बाहर होने से नहीं रोक सकती। जेएमएम का मतलब है जमकर मलाई मारो। झारखंड के सीएम तो 'बालू से भी तेल' निकालने में माहिर हैं। झारखंड के आदिवासी भाइयों एवं बहनों का गौरवशाली इतिहास रहा है। झारखंड के विकास में तीन 'स्पीड ब्रेकर' हैं। वैश्विक अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि 2027 तक अमेरिका, चीन के बाद भारत तीसरी शीर्ष अर्थव्यवस्था बन जायेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाने के बाद खुद को शहीद के तौर पर पेश कर रहे हैं।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राजीव गांधी के समय 100 रुपए अगर भेजे जाते थे तो आपके जेब में 15 रुपए पहुंचते थे। 85 रुपए भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ जाता था लेकिन आज अगर 100 रुपए दिल्ली के बैंक से भेजे जाते हैं तो 100 का 100 रुपए आपके खाते में पहुंचते हैं। 'भ्रष्ट' मुख्यमंत्री झारखंड को विकास की ओर नहीं ले जा सकते। झारखंड के अभूतपूर्व विकास के लिए भाजपा को लगातार दो कार्यकाल दीजिए।

बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को लेकर गोल्फ ग्राउंड में बारिश थमते ही समर्थक पहुंचने लगे। भारी बारिश के कारण लोग काफी देर तक परेशान रहे। बारिश रुकते ही मंच पर देशभक्ति गीत से माहौल राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत हो गया।

## लक्ष्मीबाई मूर्ति मामले में आम आदमी पार्टी संप्रदायिकता जहर घोल रही है: वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर संप्रदायिक राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेता संजय सिंह ने रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति स्थानांतरण मामले में झूठ बोला है।

सांसद संजय सिंह की ओर से लगाए गए आरोपों पर जवाब देते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी सत्तालोलुप और सांप्रदायिकता की राजनीति करते हुए 'देश की गरिमा' तक को धूमिल कर रही है, यही इनका वास्तविक चरित्र है। दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में



आयोजित पत्रकार वार्ता में वीरेन्द्र सचदेवा ने आगे कहा कि संजय सिंह ने रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति स्थानांतरण पर झूठ बोला है। मूर्ति को हटवाने का प्रस्ताव दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग एवं दिल्ली नगर निगम का है, जिस पर आआपा काबिज है। आम आदमी पार्टी रानी झाँसी रोड प्रोजेक्ट का विरोध करने वाली एक साम्प्रदायिक संस्था के ऐजेंडे पर काम कर रही है। वह एक वीरांगना के नाम पर साम्प्रदायिकता का जहर घोल रही है। इस संस्था को दिल्ली हाई कोर्ट की फटकार भी लग चुकी है। यह आआपा की निकृष्ट मानसिकता को दिखाता है। भाजपा का कहना है कि लोकसभा चुनाव में दिल्ली की जनता द्वारा बुरी तरह नाकारी जा चुकी आम आदमी पार्टी अब विधानसभा चुनाव से पहले अल्पसंख्यक बहुल सीटों को जीतने के लिए प्रदेश का साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश कर रही है। उल्लेखनीय है कि रानी झांसी रोड़ पर स्थित शाही ईदगाह पार्क में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की बड़ी मूर्ति लगाने का प्रस्ताव है। इसके खिलाफ वक्फ के लोग दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटा चुके हैं लेकिन उन्हें वहां से फटकार मिली।न्यायाधीश ने कहा कि स्वतंत्रता की वीरांगना किसी धर्म या सम्प्रदाय की नहीं बल्कि देश की होती हैं। इसके बावजूद आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया था कि वह रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति का स्थानांतरण की राजनीति कर रही है।


# लेबनान तुरंत छोड़ दें सभी भारतीय, क्या बड़ा करने जा रहा है इजरायल?

# मोदी सरकार ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इजरायल और लेबनान के बीच लड़ाई अब भीषण रूप लेती जा रही है। इससे मीडिल ईस्ट में तनाव तेजी से बढ़ रहा है। इससे लेकर बेरूत स्थित भारतीय दूतावास ने लेबनान में भारतीय लोगों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी। उन्हें तत्काल देश छोड़ने की सलाह दी है। बेरूत में भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि क्षेत्र में तनाव को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक लेबनान की यात्रा न करने की सलाह दी जाती है। लेबनान में पहले से मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को दृढ़ता से सलाह दी जाती है कि वो लेबनान छोड़ दें। जो लोग किसी कारण से रुके हुए हैं उन्हें अत्यंत सावधानी बरतने, अपनी गतिविधियों को रोकने और बेरूत में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है।

आपको बता दें कि हमास और इजरायल के बीच जंग को लगभग एक साल बीत चुके हैं। इजरायल अब हिजबुल्ला को खुलकर टारगेट कर रहा है। पिछले हफ्ते पेजर अटैक से शुरू हुआ हमला अब हवाई हमलों पर आ गया है। इजरायल ने लेबनान में हिजबुल्ला के 1600 टारगेट को निशाना बनाया है और इन्हें नेस्तानाबूद कर दिया गया है। रात भर लेबनान में बम गिराए गए। हमलों में अब तक 492 मौतें होने की खबर है। इजरायल ने चेतावनी भी दी है कि हिजबुल्ला के खिलाफ तेजी से हमले किए जाएंगे।

ब्रिटेन ने अमेरिका और अन्य यूरोपीय देशों के साथ लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्ला और इजराइल के बीच तुरंत युद्धविराम का आह्वान किया है और चेताया है कि क्षेत्र में इस समय संघर्ष के पूर्ण युद्ध की तरफ बढ़ने का खतरा है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान एक बयान में ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी ने इजराइल पर पिछले 11 महीनों में हिजबुल्ला के हमलों की निंदा की और दोहराया कि इन हमलों को उचित नहीं ठहराया जा सकता जिसके कारण लेबनान और इजराइल के आम लोगों का जीवन बदहाल हो गया है।



## [सुविचार]

बरसों बाद कॉलेज के कैंटीन में गया

चाय वाले ने पूछा की चाय के साथ क्या लोगे

मैंने कहा पुराने दोस्त मिलेंगे

## संक्षिप्त समाचार

### मानहानि मामले में सांसद संजय राउत को पहले मिली जेल फिर मिली बेल

मुंबई। मानहानि मामले में शिवसेना (ठाकरे) सांसद संजय राउत को कोर्ट जमानत मिल गई है. मुंबई की मझगांव मेट्रोपॉलिटिन मैजिस्ट्रेट कोर्ट ने राउत को जमानत दी है. आपको बता दें कि भाजपा के वरिष्ठ नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया ने संजय राउत पर मानहानि का मुकदमा किया था. इस मामले में मुंबई की एक अदालत ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत को 15 दिन के साधारण कारावास की सजा तथा 25 हजार का जुर्माना की सजा सुनाई थी. मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (शिवड़ीअदालत) ने राज्यसभा सदस्य राउत को भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि के लिए दंड) के तहत दोषी ठहराया और 15 दिन के साधारण कारावास की सजा एवं उन पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया. दरअसल मेधा सोमैया ने वकील विवेकानंद गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि राउत ने उनके और उनके पति के खिलाफ निराधार और पूरी तरह से मानहानिकारक आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि राउत ने उन पर मीरा-भायंदर महानगरपालिका क्षेत्र में कुछ सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण और रखरखाव पर 100 करोड़ रुपये के घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया. शिकायत में कहा गया था कि, आरोपी द्वारा मीडिया को दिए गए बयान अपने आप में मानहानिकारक हैं. ये बयान आम जनता की नजर में मेरे चरित्र को खराब करने के लिए दिए गए हैं.



### महालक्ष्मी मर्डर केस के मुख्य आरोपी की पेड़ पर झूलती मिली लाश

बेंगलुरु। हाल ही में बेंगलुरु में एक महिला की निर्मम हत्या का मामला सामने आया था। आरोपी ने 29 साल की महालक्ष्मी की हत्या कर 59 टुकड़े किए और फ्रिज में भर दिए। बदबू आने के बाद मिली शिकायत पर पुलिस पहुंची तब मामले का खुलासा हुआ। इस मामले में पुलिस आरोपी की तलाश में थी तभी खबर आई कि मर्डर केस के मुख्य आरोपी ने ओडिशा के भद्रक जिले के गांव में बुधवार दोपहर फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसका शव एक पेड़ पर लटकता मिला। उसकी बाइक भी वहीं खड़ी मिली। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम मुक्तिरंजन रॉय है। उसके पास से एक डायरी बरामद हुई है, जिसमें उसने महालक्ष्मी के मर्डर की बात कबूली है। महालक्ष्मी और रंजन साल 2023? एक-दूसरे जानते थे और रिलेशनशिप में थे। दोनों एक ही मॉल में काम करते थे। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने भी कहा था कि संदिग्ध के ओडिशा में होने की जानकारी मिली है। आरोपी को पकड़ने के लिए टीमों का गठन किया गया है। उन्हें ओडिशा भेजा गया है। बेंगलुरु पुलिस भी आरोपी की तलाश कर रही थी।महालक्ष्मी 4 साल से पति को छोड़कर अकेले रहती थी महालक्ष्मी के भाई उक्कम सिंह ने बताया था कि उनका परिवार नेपाल के कठंद राज्य के टीकापुर गांव का रहने वाला है। 30 साल पहले मम्मी-पापा काम के लिए बेंगलुरु आए और यहीं बस गए।

### कंगाल पाकिस्तान को आईएमएफ से सात अरब डॉलर की मदद

-देना होगा 5 प्रतिशत की दर से ब्याज

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान के लिए सात अरब डॉलर के नए ऋण पैकेज को मंजूरी दे दी है, जिससे नकदी की कमी से परेशान पाकिस्तान को मदद मिलेगी। इस पैकेज के तहत 1.1 अरब डॉलर की पहली ऋण किस्त को तुरंत जारी करने की अनुमति दी गई है। आईएमएफ बोर्ड की बैठक वाशिंगटन में हुई, इसमें पाकिस्तान के साथ कर्मचारी स्तरीय समझौते को स्वीकृति दी गई। पाकिस्तान ने समझौते के तहत अपने कृषि आयकर में सुधार करने, कुछ वित्तीय जिम्मेदारियों को प्रांतों को हस्तांतरित करने और सब्सिडी को सीमित करने का वादा किया था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने पुष्टि की कि आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने 37 महीने की विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) को मंजूरी दी है, जिसकी कुल राशि सात अरब डॉलर है। यह 1958 के बाद से पाकिस्तान का 25वां आईएमएफ कार्यक्रम और छठा ईएफएफ है।

### पीएम मोदी और राहुल गांधी ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को जन्मदिन की दी बधाई

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को उनके 92वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कई दिग्गजों ने उन्हे बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने मनमोहन सिंह को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ। मनमोहन सिंह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। मैं प्रार्थना करता हूं कि उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन मिले।कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ। मनमोहन सिंह को उनके जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। राजनीति के क्षेत्र में वह सादगी, गरिमा और सरलता के एक दुर्लभ अवतार के रूप में खड़े हैं। एक दूरदर्शी राजनेता, जिनके कार्यों ने शब्दों से अधिक जोर दिया, हम राष्ट्र के लिए उनके जबरदस्त और अमूल्य योगदान के लिए गहराई से आभारी हैं।

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें



संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करे।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं:-9911733939

## राष्ट्रपति मुर्मू पहुंचीं सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र, जवानों का बढ़ाया हौंसला



**-बोलीं- मातृभूमि की रक्षा के लिए आपके त्याग का सब करते हैं सम्मान**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली, (ईएमएस)। देश की महामहीन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र, सियाचिन बेस कैंप पहुंची। उन्होंने वहां तैनात सैनिकों का हौसला बढ़ाया और सियाचिन युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सियाचिन ग्लेशियर पर ऑपरेशन मेघदूत की शुरुआत 13 अप्रैल, 1984 को भारतीय सेना ने की थी और यह युद्ध स्मारक उन सभी शहीदों के बलिदान का प्रतीक है जिन्होंने इस ऑपरेशन में अपने प्राण गवांए थे।

राष्ट्रपति मुर्मू ने सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां आकर आप सभी जवानों और अधिकारियों से मिलने की मेरी इच्छा आज पूरी हो गई। मैं आप सबसे मिलकर बेहद खुशी महसूस कर रही हूं। तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर के रूप में मुझे आप सभी पर गर्व है। सभी देशवासी आपकी बहादुरी को सलाम करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कुछ समय पहले मुझे शहीदों के स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर मिला है। मैं उन सभी बहादुर सियाचिन वॉरियर्स की पावन स्मृति को सादर नमन करती हूं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण निछावर कर दिए।

राष्ट्रपति ने जवानों की सराहना करते हुए कहा कि आप जटिल मौसम का सामना करते हैं, भारी बर्फबारी और माइनस 50 डिग्री तापमान जैसी विकट स्थितियों में आप पूरी निष्ठा के साथ तैनात रहते हैं। मातृभूमि की रक्षा के लिए आप असाधारण त्याग और सहनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। पूरा देश आप सबका सम्मान करता है। उन्होंने सैनिकों के परिवारों की भी सराहना की, जो अपने प्रियजनों से दूर रहते हुए देशवासियों की रक्षा में योगदान देते हैं। राष्ट्रपति ने सभी सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैं प्रार्थना करती हूं कि आप सभी स्वस्थ रहें और आपके परिजन सानंद रहें।

# पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के बढ़ते अवसर

विश्व पर्यटन दिवस



रमेश सर्राफ धमोरा

**आज के समय में जहां हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है वहीं आज पर्यटन के कारण कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती है। यूरोपिय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाड़ा, आस्ट्रेलिया आदि ऐसे देश है। जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। पर्यटन विश्व का सबसे बड़ा क्षेत्र है।**

संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) ने विश्व पर्यटन दिवस की स्थापना की। 1980 से हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। इसी दिन यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के कानूनों को अपनाया गया था। विश्व पर्यटन दिवस 2024 की थीम पर्यटन और शांति है। इस थीम का उद्देश्य है कि पर्यटन समुदायों को बदल सकता है। रोजगार पैदा कर सकता है। समावेश को बढ़ावा दे सकता है और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत कर सकता है।

देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई करने में पर्यटन उद्योग का अच्छा खासा महत्व है। पर्यटन जिसे चिमनी विभिन्न उद्योग के नाम से भी जाना जाता हैं। आज भी लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी लोग भी पर्यटन के लिए यहां आने का लोभ छोड़ नहीं पाते हैं। यही नहीं देशी पर्यटक भी बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं।

भारत में पर्यटन सबसे बड़ा सेवा उद्योग है। जहां इसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 6.23 प्रतिशत और भारत के कुल रोजगार में 8.78 प्रतिशत योगदान है। भारत में वार्षिक तौर पर 50 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन और 56 करोड़ घरेलू पर्यटकों द्वारा भ्रमण परिलक्षित होता है। विश्व पर्यटन दिवस एक वार्षिक आयोजन है। जिसका उद्देश्य वैश्विक उद्योग के रूप में पर्यटन के महत्व तथा इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

विशेषज्ञों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि आगामी दस वर्षों में पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विश्व में तीसरा हो जाएगा। देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नये रोजगाार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म कौंसिल द्वारा जारी रिपोर्ट में इस आशय की संभावनाओं की ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका हासिल कर रहे हैं।

देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वाले अर्थशास्त्रियों और नीति निर्धारकों ने लगभग एकमत से स्वीकार किया है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस दिशा में अधिक प्रभावी व कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसी नीति के तहत विभिन्न पर्यटन केंद्रों को प्रमुख छोटे-बड़े शहरों से जोड़ने के लिए दूरसंचार, सड़क और वायु परिवहन की अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारी निवेश की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा परंपरागत पर्यटक केंद्रों के आसपास बुनियादी सुविधाएं व नए पर्यटन केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य से स्पष्ट होता है कि आगामी वर्षों में पर्यटन प्रबंधन तथा पर्यटक से जुड़े अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बड़ी संख्या में मांग होगी। यह अवसर सरकारी से ज्यादा निजी क्षेत्रों में होने की अधिक संभावना जताई जा रही है।



पर्यटन प्रबंधन डिप्लोमा धारी व्यक्तियों के पर्यटक सूचना केंद्रों, ट्रैवल एजेंसी, होटल समूहो, विभिन्न हवाई कंपनियों के कार्यालयों टूर ऑपरेटर कंपनियों पर्यटन से जुड़ी पत्र-पत्रिकाओं, पर्यटक गाइड आदि में क्षेत्रों में काम करने का मौका अपेक्षाकृत आसानी से मिल सकता है। इस क्षेत्र में महिला कर्मियों की मांग भी तेजी से बढ़ने की पूरी संभावना है। पर्यटन प्रबंधन डिप्लोमा डिग्री धारी महिलाओं को विशेष रूप से उन पदों पर नियुक्ति के समय वरीयता दी जाती है जहां स्वागत करना या सूचना उपलब्ध कराने जैसे काम होते हैं। इसके पीछे तर्क दिया जाता है कि महिलाएं पुरुषों के मुकाबले कहीं अधिक सौम्य व मृदुभाषी होती है। वे नवागंतुक पर्यटक को आसानी से बातें समझा सकती है। टूरिस्ट गाइड के रूप में काम करने के अवसर इस क्षेत्र में संख्या की दृष्टि से सर्वाधिक कहे जा सकते हैं। कुछ वर्षों तक पर्यटन क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं का अनुभव हासिल करने के बाद पर्यटन प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों के पर्यटन शिक्षा में अध्यापन भी किया जा सकता है।

देश में पर्यटन से जुड़े लगभग सभी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ग्रेजुएशन के बाद के स्तर के हैं। विश्वविद्यालयों में पर्यटन क्षेत्र के भावी विस्तार को भांपते हुए पर्यटन शिक्षा विभाग तेजी से विकसित हो रहे हैं। इनमें मास्टर आफ टूरिज्म एडमिनिस्ट्रेशन सरीखे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दो वर्ष की अवधि वाले इन पाठ्यक्रमों में दाखिला पाने की मारामारी को देखते हुए लगभग प्रत्येक संस्थान प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिला देता है। इन विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त निजी प्रशिक्षण संस्थानों में भी अंशकालिक, पूर्णकालिक डिप्लोमा प्रशिक्षण उपलब्ध है।

असल में पर्यटन डिप्लोमा डिग्री हासिल करने के बाद स्वरोजगार के क्षेत्र में पदार्पण करने के लिए राहें भी खुलती है। इसीलिए जरूरी नहीं कि लंबे अरसे तक नौकरी के लिए आवेदन भेज कर हाथ पर हाथ रखकर खाली बैठा जाए। टूर ऑपरेटर और ट्रैवल एजेंट जैसे काम बहुत कम पूंजी से शुरू किए जा सकते हैं। इसके लिए जरूरी नहीं कि आपके पास दो चार बस या कार हो। आप ट्रैवल एजेंट के तौर पर बुकिंग कर अन्य बस आपरेटरों से बस किराए पर लेकर भी टूर आयोजित करवा सकते हैं और अच्छा खासा कमीशन कमा सकते हैं। जिनमें स्थानीय साइट सीन, पर्यटक भ्रमण कार्यक्रम से लेकर तीर्थ यात्रा टूर, दूरदराज के पर्यटक स्थलों तक आदि मुख्य है।

अब तो विदेशों में स्वीटजरलैंड, पेरिस, थाईलैंड, हॉन्गकांग, सिंगापुर, लंदन, अमेरिका, कनाडा, मालदीप, नेपाल जैसी जगहों के लिए भी पैकेज टूर बनाए जाने लगे हैं। इनमें स्थानीय भ्रमण से लेकर हवाई यात्रा और होटल में ठहरने तक का समस्त खर्च सम्मिलित होता है। तमाम हवाई कंपनियों के अधिकृत टिकट विक्रेता एजेंट के रूप में भी बेची गई टिकटों पर निर्धारित प्रतिशत कमीशन की कमाई की जा सकती है।

आज अधिकांश सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों में पर्यटन प्रशिक्षण के कोर्स चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा भी देशभर में अनेकों निजी संस्थान पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों का प्रशिक्षण देती है। प्रशिक्षण के पश्चात सर्टिफिकेट भी दिए जाते हैं। राजस्थान पर्यटन विभाग समय-समय पर प्रदेश में गाइडों के प्रशिक्षण शिविर आयोजित करता है। जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर चयनित गाइडों को विभाग द्वारा गाइड का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। देश के अन्य राज्यों में भी इसी तरह के विभिन्न पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। जहां अध्ययन व प्रशिक्षण प्राप्त कर व्यक्ति पर्यटन के क्षेत्र में अपना कैरियर बना सकता है।

आज के समय में जहां हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना हैं वहीं आज पर्यटन के कारण कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती है। यूरोपिय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाड़ा, आस्ट्रेलिया आदि ऐसे देश है। जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। पर्यटन विश्व का सबसे बड़ा क्षेत्र है। जो वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 11 प्रतिशत योगदान देता है। भारत में यह अभी भी 6.23 प्रतिशत ही है। जबकि पड़ोसी देशों चीन (8.6), इण्डोनेशिया (9.2), मलेशिया (12.9), श्रीलंका (8.8) तथा थाइलैण्ड (13.9) है जो हमसे बहुत अधिक है।

वर्तमान में भारत वैश्विक यात्रा व पर्यटन विकास सूचकांक-2024 में 15 स्थान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गया है। 2021 में भारत 54 वें पायदान पर था। सूचकांक में अमेरिका पहले, स्पेन दूसरे, जापान तीसरे, फ्रांस चौथे और ऑस्ट्रेलिया पांचवें स्थान पर है। वहीं, जर्मनी छठे, यूनाइटेड किंगडम सातवें, चीन आठवें और इटली नौवें स्थान पर काबिज हैं।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

## संपादकीय

# मुलाकात के निहितार्थ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा का समापन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ मुलाकात के साथ हुआ। दोनों नेता पिछले तीन महीने में तीसरी बार मिले। जाहिर है कि भारत रूस-यूक्रेन संघर्ष की समाप्ति की कोशिश में लगा है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच रूस-यूक्रेन विवाद पर ही चर्चा हुई होगी लेकिन मोदी ने ऐसा कोईसंकेत नहीं दिया जिससे पता चल सके कि शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की क्या योजना है। हालांकि यूक्रेन की ओर से यह संकेत अवश्य मिल रहा है कि वह अगला शांति सम्मेलन भारत में कराने के पक्ष में है। लेकिन यूक्रेन के इस प्रस्ताव पर भारत का रुख अभी स्पष्ट नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी इस शांति प्रक्रिया में भारत की भूमिका को लेकर फूंक-फूंक कर कदम उठा रहे हैं। रूस-यूक्रेन संघर्ष पर पिछले दिनों स्विटजरलैंड़ में शांति सम्मेलन हुआ था। उसका कोईठोस परिणाम सामने नहीं आया क्योंकि इस संघर्ष में शामिल एक पक्ष रूस इस शांति सम्मेलन में शामिल नहीं हुआ। भारत इसमें शामिल अवश्य हुआ था लेकिन सम्मेलन की समाप्ति के बाद जो संयुक्त विज्ञप्ति जारी हुई थी उस पर उसने हस्ताक्षर नहीं किए। भारत चाहता है कि अगर नई दिल्ली में शांति सम्मेलन हो तो उसमे रूस और यूक्रेन, दोनों शामिल हों। यह बहुत स्वाभाविक है कि किसी भी ऐसे शांति सम्मेलन में जब तक युद्धरत दोनों पक्ष शामिल नहीं होंगे तब तक इसका कोई औचित्य नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान अपनी इस बात को दोहराया कि भारत रूस-यूक्रेन के संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए जो भी संभव होगा वह करेगा। वस्तुतः इस संघर्ष के दूसरे देशों विशेषकर विकासशील और गरीब देशों पर पड़ने वाले कुप्रभावों को लेकर भी भारत चिंतित है। दशकों पहले भारत तीसरी दुनिया की अगुवाई करने वाला प्रमुख देश था। ग्लोबल साउथ का नेता कौन होगा, इसे लेकर भारत और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा हो रही है। एक लोकतांत्रिक और मुक्त समाज के रूप में भारत की दावेदारी पुख्ता है। पिछले दिनों चीन ने भी रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के लिए पहल की थी। विकास यात्रा में भारत भले ही चीन से पीछे है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कूटनीतिक सक्रियता के कारण भारत के प्रभाव में बढ़ोतरी हो रही है। देखा जाना है कि आने वाले कुछ महीनों में शांति प्रक्रिया में भारत की भागीदारी के क्या नतीजे सामने आते हैं।

## चिंतन-मनन

# सतोगुण और तमोगुण का फर्क

सतोगुण में ज्ञान के विकास से मनुष्य यह जान सकता है कि कौन क्या है, लेकिन तमोगुण तो इसके सर्वधा विपरीत होता है. जो भी तमोगुण के फेर में पड़ता है, वह पागल हो जाता है और पागल पुरुष यह नहीं समझ पाता कि कौन क्या है! वह प्रगति करने के बजाय अधोगति को प्राप्त होता है। वैदिक साहित्य में तमोगुण की परिभाषा दी गई है कि अज्ञान के वशीभूत होने पर कोई मनुष्य किसी वस्तु को यथारूप नहीं समझ पाता। उदाहरणार्थ, प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि मनुष्य मत्र्य है और मृत्यु ध्रुव है। फिर भी लोग पागल होकर धन संग्रह करते हैं और नित्य आत्मा की चिन्ता किये बिना अहर्निश कठोर श्रम करते हैं। अपने पागलपन में वे आध्यात्मिक ज्ञान में कोई उन्नति नहीं कर पाते। ऐसे लोग आलसी होते हैं। जब उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान में सम्मिलित होने के लिए आमत्रित किया जाता है, तो वे अधिक रुचि नहीं दिखाते। वे रजोगुणी व्यक्ति की तरह भी सक्रिय नहीं रहते। तमोगुण में लिप्त व्यक्ति का एक अन्य गुण यह भी है कि वह आवश्यकता से अधिक सोता है। ऐसा व्यक्ति सदैव निराश प्रतीत होता है और भौतिक द्रव्यों तथा निद्रा के प्रति व्यसनी बन जाता है। इसके विपरीत सतोगुणी पुरुष अपने कर्म या बौद्धिक वृत्ति से उसी तरह सन्तुष्ट रहता है, जिस प्रकार दार्शनिक, वैज्ञानिक या शिक्षक अपनी-अपनी विधाओं में निरत रहकर सन्तुष्ट रहते हैं। रजोगुणी व्यक्ति सकाम कर्म में लग सकता है। वह यथासंभव धन प्राप्त करके उसे उत्तम कार्य में व्यय करता है। कभी-कभी वह अस्पताल खोलता है और धर्मार्थ संस्थाओं को दान देता है। लेकिन तमोगुणी तो अपने ज्ञान को ढक लेता है। तमोगुण में रहकर मनुष्य जो भी करता है, वह न तो उसके लिए, न किसी अन्य के लिए हितकर होता है। जब तमोगुण प्रधान होता है तो रजो तथा सतोगुण परास्त हो जाते हैं। यह प्रतियोगियता निरन्तर चलती रहती है। अतएव जो कृष्णभावनामृत में वास्तव में उन्नति करने का इच्छुक है, उसे इन तीनों गुणों को लांघना पड़ता है।

# क्यों जरूरी हुआ बच्चों को सोशल मीडिया से दूर करने का



आर.के. सिन्हा

अगर आप अपने आसपास किसी भी उम्र के इंसान से अनौपचारिक बात कर लें, तब आपको पता चल जाएगा कि आज के समय सोशल मीडिया का लत हमारे सारे समाज को दीमक की तरह खा रहा है। इसकी गिरफ्त में नादान बच्चे खासतौर पर आ चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया सोशल मीडिया के उपयोग के लिए न्यूनतम आयु सीमा लागू करने पर विचार कर रहा है। वहां पर 14 से 16 साल के बच्चों तक को सोशल मीडिया से दूर रखा जा सकता है। इसका उद्देश्य बच्चों को डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक समय बिताने की बजाय खेल कूद के मैदान से जोड़ना है। क्या इस तरह का कोई कदम भारत में नहीं उठाया जाना चाहिए? यह जानने के लिए रॉकेट साइंट पढ़ने की जरूरत नहीं है कि सोशल मीडिया ने हमारे अपने देश में बच्चों को खेलों के मैदानों और अपने परिवार के सदस्यों और दोस्तों तक से भी दूर कर दिया है। आप अपने घर और आसपास के बच्चों को देख लें। वे फेसबुक, व्हाटअप, इंस्टा आदि से चिपके रहते हैं। आप देश के किसी भी शहर के किसी स्टेडियम में चले जाइये। वहां पर बुजुर्ग सैर करते हुए तो मिल जाएँगे पर आपको बच्चे बहुत ही कम संख्या में खेलते हुए मिलेंगे। हालांकि आज से बीसेक साल पहले तक राजधानी दिल्ली से लेकर छोटे शहरों के सारे मैदानों में बच्चे खेलते-कूदते नजर आ जाते थे। राजधानी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, तालकटोरा स्टेडियम, नेशनल स्टेडियम और दूसरे मैदानों में बच्चे प्रैक्टिस करते हुए खूब पसीना बहाते थे। वह अपने कोचों की देखरेख में प्रेक्टिस कर रहे होते थे। पर पिछले कुछ वर्षों से देख लें क्या हो गया है बच्चों। का हाल। जब बच्चे खेलेंगे ही नहीं तो देश को ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक कहां से मिलेंगे? क्या कोई हमें पदक मुफ्त में ही दे देगा?

चीन में भी नाबालिगों के सोशल मीडिया के उपयोग पर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कानूनी रूप से रोक लगा दी गई है। यह सही है कि आज के समय में सोशल मीडिया हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है। लेकिन, इसका अंधाधुंध इस्तेमाल, खासकर बच्चों के लिए, बहुत खतरनाक साबित हो रहा है। सोशल मीडिया से बच्चे मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, साइबरबुलिंग, ऑनलाइन शोषण, और अनेकों प्रकार के व्यसनों का शिकार हो रहे हैं। इसलिए, बच्चों को इन दुष्प्रभावों से बचाना हमारी अहम जिम्मेदारी हो गई है।

बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कुछ जरूरी कदम तो उठाने ही होंगे। उदाहरण के रूप में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की उम्र सीमा का पालन हो और बच्चों को उचित आयु तक इन प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से रोका जाए। बच्चों के लिए उचित आयु सीमा वाले विशेष ऐप्स और वेबसाइटों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना भी जरूरी है।

मैं मानता हूं कि समय आ गया है कि माता- पिता और स्कूल के अध्यापकों को बच्चों से सोशल मीडिया के बारे में नियमित रूप से खुली बातचीत करें। उन्हें इसके फायदे और नुकसान दोनों के बारे में बताया जाये। हमें बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों के बारे में भी लगातार प्यार से पूछताछ करनी चाहिए। उन्हें खेलों के अलावा संगीत, नृत्य या किसी अन्य मनोरंजक गतिविधियों से जोड़ा जा सकता है। नोएडा में भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व खिलाड़ी अनादि बरूआ बच्चों को फुटबॉल की कोचिंग देते हैं। इसी तरह से साउथ दिल्ली में मशहूर बैडमिंटन खिलाड़ी और बैडमिंटन रैफरी तुलसी दुरेजा बच्चों को बैडमिंटन के गुर बताते-सिखाते हैं। अनादि बरूआ और तुलसी दुरेजा जैसे पूर्व खिलाड़ी देश के सभी छोटे-बड़े शहरों में कोचिंग दे रहे हैं। यह बहुत मामूली सी फीस लेते हैं। माता-पिता को चाहिए कि वह इस तरह के नामी खिलाड़ियों के पास अपने बच्चों को ले जाएं। जाहिर है कि जब बच्चे खेलेंगे तो उनके पास सोशल मीडिया के लिए वक्त ही नहीं बचेगा।

बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखना एक कठिन काम हो सकता है, लेकिन यह उनके कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। मैं मानता हूं कि अगर परिवार के सदस्य पहले की तरह एक साथ खाने, खेलने और बातचीत में समय व्यतीत करें तो भी सोशल मीडिया से दूरी बनाई जा सकती है। याद करें उस दौर की जब सारा परिवार घर के मुखिया के साथ सुबह-शाम को साथ बैठकर भोजन करता था। अब कितने परिवारों में भोजन सब मिल-बैठकर साथ-साथ करते हैं। अब तो परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए भोजन भी अलग-अलग तरह का पक रहा होता है। यानी घर अब होटल बन गया है। जैसे होटल के अलग-अलग कमरों में ठहरने वाले लोग रूम सर्विस से अपने पसंद का खाना मँगवाते है, वही अब घरों में भी होने लगा है ! क्या पहले यह होता था? यह तो भारतीय संस्कार नहीं थे। यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि बच्चे अपने माता-पिता के व्यवहार से ही सीखते हैं। यदि आप खुद सोशल मीडिया का लगातार इस्तेमाल करते हैं, तो बच्चों के लिए इसका उपयोग सीमित करना मुश्किल होगा। बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों को चाहिये कि सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में अपने व्यवहार से एक अच्छा उदाहरण स्थापित करने का प्रयास करें। अब घर के बड़े सदस्य भी फेसबुक या इंस्टा पर अपनी फोटो डाल रहे होते हैं। उसके बाद कई उत्साही लोग तो अपने दोस्तों को फोन भी करते हैं कि उनकी पोस्ट पर लाइक या कमेंट करें। जब अभिभावक ही सोशल मीडिया को दिन-रात वक्त देने लगे हैं तो वह अपने बच्चों को इससे कैसे दूर कर सकेंगे। उन्हें इस बारे में गंभीरता से सोचना होगा। आप अपने घर के सदस्यों पर डाइनिंग रूम या बेडरूम में सोशल मीडिया से जुड़ने पर रोक लगा सकते हैं।

आप अपने बच्चों से बात कर सकते हैं कि सोशल मीडिया को बहुत वक्त देना क्यों सही नहीं है। उन्हें साइबरबुलिंग के बारे में बताएं। अब यह भी जान लें कि साइबरबुलिंग क्या है? दरअसल साइबरबुलिंग डिजिटल तकनीकों के इस्तेमाल से की जाने वाली बदमाशी है। यह सोशल मीडिया, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, गेमिंग प्लेटफॉर्म और मोबाइल फोन पर हो सकती है। इसका उद्देश्य लोगों को डराना या शर्मिंदा करना है। अब आप इसे कुछ उदाहरणों से भी समझ लें। सोशल मीडिया पर किसी के बारे में झूठ फैलाना या उसकी शर्मनाक तस्वीरें या वीडियो पोस्ट करना। मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपमानजनक या धमकी भरे संदेश, चित्र या वीडियो भेजना। साइबर बुलिंग के शिकार लोगों पर इसका बहुत गहरा असर पड़ता है। इसलिए माता-पिता या घर के किसी बड़े सदस्य को चाहिए कि वह सोशल मीडिया में दिन-रात बर्बाद करने वाले सदस्य को इसके खतरों से आगाह करें।

# लखपति दीदी योजना : आर्थिक विकास का नया अध्याय



सोनम लववंशी

महिला सशक्तिकरण का मुद्दा देश में लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है, लेकिन इसके लिए ठोस प्रयास कम ही देखने को मिलते हैं। इस संदर्भ में मोदी सरकार द्वारा 15 अगस्त, 2023 को शुरू की गई 'लखपति दीदी योजना' महत्त्वपूर्ण कदम है। यह योजना न केवल ग्रामीण, बल्कि शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को भी आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसके तहत महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने और उनकी आय में वृद्धि के प्रयास किए जा रहे हैं।

लखपति दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं को स्किल डवलपमेंट ट्रेनिंग देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। लगभग 2 करोड़ महिलाओं को योजना के तहत ट्रेनिंग दी जा चुकी है, जिससे वे एलईडी बल्ब निर्माण, प्लंबिंग और ड्रोन रिपेयरिंग जैसे तकनीकी कार्यों में दक्ष हो रही हैं। योजना में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से जुड़ी महिलाओं को विशेष लाभ मिल रहा है। इस योजना के तहत एक करोड़ से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं, और पिछले 100 दिनों में लगभग 11 लाख महिलाओं ने इसका लाभ उठाया है। बैंक सखी, कृषि सखी, पशु सखी और नमो ड्रोन दीदी जैसी पहलों के माध्यम से महिलाओं को रोजगार के नये अवसर मिल रहे हैं, तथा वे सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

लखपति दीदी योजना के माध्यम से महिलाएं कृषि और गैर-कृषि क्षेत्रों में योगदान दे रही हैं। योजना के तहत कुटीर उद्योग, पोषण आहार, स्वच्छता अभियान और परिवहन जैसे क्षेत्रों में भी काम कर रही हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए योजना के तहत सरकार ने 2500 करोड़ रुपये का रिवॉल्विंग फंड़ और 5000 करोड़ रुपये का बैंक ऋण प्रदान किया है। देश भर में लगभग 92 लाख स्वयं सहायता समूहों में 10 करोड़ से अधिक महिलाएं शामिल हैं, जो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

लखपति दीदी योजना के साथ-साथ मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए अन्य योजनाओं की भी शुरूआत की है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान और 'सुकन्या समृद्धि योजना' के माध्यम से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। 'उज्ज्वला योजना' के माध्यम से 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली और उन्हें सुरक्षित ईंधन का उपयोग करने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और जनधन योजना के तहत करोड़ों महिलाओं के खातों में सीधे वित्तीय सहायता पहुंचाई जा रही है। 'जल जीवन मिशन' जैसे प्रयासों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को नल से शुद्ध जल मिलना संभव हो गया है। इस पहल ने महिलाओं के जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाया है, जिससे वे अधिक समय अपने विकास में लगा सकती हैं।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में खेलों का भी महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। 'खेलो इंडिया' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से भारत की बेटियों ने ओलंपिक और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का गौरव बढ़ाया है। महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए सरकार ने बेटियों के लिए सैनिक स्कूलों के दरवाजे भी खोले हैं, जिससे सेना में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है। सेना में महिला अधिकारियों को उच्च पदों पर नियुक्ति और नई भर्ती के अवसर दिए जा रहे हैं। तीन तलाक के खिलाफ कानून बना कर मुस्लिम महिलाओं को नया अधिकार दिया गया है, जिससे उनका जीवन और भविष्य सुरक्षित हुआ है। महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में भी मोदी सरकार ने महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' इस बात का प्रमाण है कि सरकार महिलाओं को राजनीतिक अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके माध्यम से महिलाओं को राजनीति में अधिक भागीदारी का अवसर मिलेगा जिससे वे राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका निभा सकेंगी।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी भारतीय महिलाएं उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। स्टार्टअप से लेकर स्पेस तक, भारतीय महिलाओं ने अपने कार्यों से देश का मान बढ़ाया है। हाल के वर्षों में महिलाओं ने विज्ञान, तकनीकी और नवाचार के क्षेत्रों में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जो उनके सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक संकेत है। लखपति दीदी योजना और महिला सशक्तिकरण की अन्य योजनाएं भारत में



महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिति को सुदृढ़ कर रही हैं। महिलाओं का सशक्तिकरण आर्थिक उन्नति तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र की समृद्धि का आधार भी है। महिलाएं सशक्त होंगी, तो परिवार, समाज और राष्ट्र भी सशक्त होंगे। यही कारण है कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि वे अपनी क्षमताओं का पूर्ण उपयोग कर सकें।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान: नेहरू युवा केंद्र, रामपुर के युवा स्वयंसेवकों ने बिलासपुर ब्लॉक के गजरौला गांव में चलाया स्वच्छता अभियान। माहे आलम

संस्कार उजाला

सलीम खान/आसिम अजीज

रामपुर। जनपद स्वच्छता ही सेवा, अभियान के तहत नेहरू युवा केंद्र, रामपुर के स्वयंसेवकों ने जिला रामपुर के ,बिलासपुर ब्लॉक, स्थित गजरौला गांव में एक व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई के महत्व को समझाना, प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता फैलाना और **माइक्रोप्लास्टिक्स* के खतरनाक प्रभावों के बारे में ग्रामीणों को शिक्षित करना था। स्वयंसेवकों ने गांव के ,सार्वजनिक स्थलों, जैसे कि गांव की गलियों, पंचायत भवन, स्कूल और मंदिर परिसरों की सफाई की। इसके साथ ही, ग्रामीणों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि माइक्रोप्लास्टिक्स, न केवल मिट्टी,



पानी और हवा को दूषित करते हैं, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव डालते हैं, जिससे कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को प्लास्टिक के उपयोग से बचने के लिए प्रेरित** किया और उन्हें वैकल्पिक, पर्यावरण-अनुकूल वस्तुओं के उपयोग की सलाह दी। ग्रामीणों को बताया गया कि प्लास्टिक के कचरे को कम करने और प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए हमें छोटे-छोटे प्रयास करने होंगे। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केंद्र, रामपुर के *जिला युवा अधिकारी श्री माहे आलम, के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि नरवीर यादव ने अभियान की निगरानी की और स्वयंसेवकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अभियान के तहत माई भारत के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने स्वयंसेवकों की इस पहल की सराहना की और आगे भी इस तरह के स्वच्छता अभियानों में शामिल होने का संकल्प लिया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत यह कार्यक्रम न केवल गांव को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से किया गया, बल्कि यह ग्रामीण समुदाय में प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। इस तरह के अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहे हैं। नेहरू युवा केंद्र, रामपुर के द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों ने स्थानीय समुदायों को स्वच्छता और प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ संगठित रूप से काम करने की प्रेरणा दी है।

## विशेष संचारी रोग संदर्भ हेतु अर्न्तविभागीय समन्वय समिति की प्रथम बैठक सम्पन्न।

संस्कार उजाला

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।**



**सोनभद्र।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के तृतीय चरण के सफल संचालन हेतु अर्न्तविभागीय समन्वय समिति की प्रथम बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोनभद्र के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। दिनांक: 1-31 अक्टूबर, 2024 तक संचारी अभियान तथा दिनांक: 11-31 अक्टूबर, 2024 तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। नवीन घटक के रूप में आशा द्वारा नान कम्युनिकेबल डिजीज के 30 वर्ष के ऊपर के 5 पात्र व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए सी बैक फार्म पूर्ण किया जायेगा। साथ ही ई-कवच पोर्टल पर रोगियों की लिस्ट अपडेट की जायेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा संचारी अभियान पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी विभागों को ससमय माइक्रोप्लान बनाने व माइक्रोप्लान के अनुसार कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। अभियान में शामिल समस्त विभागों को पी०पी०टी० के माध्यम से उनके कार्य दायित्व से अवगत कराया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कार्यालय जिला मलेरिया अधिकारी के समस्त अधिकारी / कर्मचारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, कढऊर, जिला सूचना अधिकारी तथा अन्य समस्त विभागों के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### मंत्री जी कस्तूरबा गांधी विद्यालय में तो आप आए अगर आईटीआई संस्थान में आप आ जाते तो साफ सफाई हो जाती पूरी आपका आगमन स्थगित हुआ तो रह गई अधूरी

संस्कार उजाला



**गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर की ग्राम पंचायत मौहम्मदपुर खुडलिया में स्थित राजकीय प्रशिक्षण औद्योगिक संस्थान में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल (स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास व्यावसायिक शिक्षा) उधमशीलता मंत्री के 26 सितंबर को कस्तूरबा गांधी विद्यालय कुचेसर रोड चौपला एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिम्भावली में आगमन कार्यक्रम को लेकर आईटीआई संस्थान प्रबंधन के द्वारा साफ सफाई व्यवस्था करने को लेकर जोर शोर से बीड़ा उठाया गया था। जिसमें अज्ञात कारण के चलते मंत्री जी को कस्तूरबा गांधी विद्यालय कुचेसर चौपले पर स्थापित कार्यक्रम संपन्न करने के साथ आईटीआई सिंभावली आगमन कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया।तो वही आईटीआई संस्थान बंधन तंत्र ने भी साफ सफाई व्यवस्था पर रोक लगा दी। बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा सिंभावली क्षेत्र में लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण शिक्षा देने के लिए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण कराया गया है। लेकिन संस्थान प्रबंधन तंत्र की लापरवाही के कारण और उचित देखभाल नहीं होने के चलते संस्थान में जगह-जगह कूड़ा करकट घास फूस खड़ी होने के चलते संस्था दिन प्रतिदिन वीरान हवेली में तब्दील होती नजर आ रही है। यहां तक की राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षार्थियों को प्रशिक्षण देने वाली स्वराज मजदा ट्रक जो की 15 वर्षों से कूड़े कबाड़ में धूल फाकते हुए अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। जबकि संस्थान में 14 ट्रेडों का संचालन होने के साथ लगभग तीन सौ शिक्षार्थियों पर चार फोरमैन 5 अध्यापक दो अध्यापिकाए, दो बाबू, दो चौकीदार, एक सफाई कर्मी, चार आउटसोर्सिंग सहित लगभग 19 कर्मचारियों का स्टाफ मौजूद हैं। जबकि शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा का स्तर उठाने के लिए सरकार हर तरह की सुविधा मुहैया करा रही है। लेकिन कुछ लापरवाह कर्मचारियों के कारण शासन प्रशासन की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। वहीं मामले में संस्थान प्राचार्य नीरज कुमार से वार्ता करने की कोशिश की गई तो उन्होंने अपने आप को मीटिंग में होना बताते फोन काट दिया।

### सेनरा पब्लिक स्कूल ने छात्र-छात्राओं को गढ़मुक्तेश्वर के कुटीर उद्योगों का कराया अवलोकन

संस्कार उजाला



आत्मनिर्भर भारत अभियान के सापेक्ष सेनरा पब्लिक स्कूल, गढ़मुक्तेश्वर के छात्र-छात्राओं ने गढ़मुक्तेश्वर के प्रसिद्ध कुटीर उद्योग चटाई निर्माण उद्योग एवं मूढा निर्माण उद्योग का अवलोकन किया माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में दो बार नामित तथा महामहिम राष्ट्रपति महोदया, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा संसद में आमंत्रित, आत्मनिर्भरता की सशक्त मूर्ति श्रीमती संतोष देवी जी से भी छात्र-छात्राओं ने मुलाकात की ' प्रेरणा स्रोत श्रीमती संतोष देवी जी तथा उनके पुत्र रविकांत जी ने बच्चों को आत्मनिर्भर बनने के बारे में महत्वपूर्ण बातें बताईं संस्था के प्रबंध निदेशक एवं आत्मनिर्भर भारत के प्रांत संयोजक उमेश सेनरा ने बच्चों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया संस्था के उप प्रधानाचार्य एवं शिक्षाविद श्री विजेंद्र त्यागी जी ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से बच्चों के अंदर आत्मनिर्भरता एवं कला कौशल का विकास होता है इस मौके पर स्कूल के उप प्रधानाचार्य एवं शिक्षाविद श्री विजेंद्र त्यागी जी, प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा सेनरा जी, अंकुर त्यागी, छोटू त्यागी आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही

### सपा जिला अध्यक्ष ने सिंभावली गन्ना सहकारी समिति डेलीगेट चुनाव के नामांकन कोलेकर अव्यवस्थाओं का लगाया आरोप

संस्कार उजाला


**रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा**



**गढ़मुक्तेश्वर**/सिंभावली सहकारी गन्ना समिति के डेलीगेट चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने को लेकर अव्यवस्था का लगाया आरोप। बता दे की सिंभावली सहकारी गन्ना समिति में 156 गांव के 45000 से अधिक मतदाता किसान 286 डेलीगेटो का चुनाव करेंगे। जिसके लिए नामांकन करने वाले प्रत्याशियों का जनसैलाब हुआ है। वही इस चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में रस्सा कसी भी शुरू हो गई है। जिसको लेकर नामांकन करने के लिए आए समाजवादी पार्टी के सपा जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए अधिकारियों के द्वारा एक घंटे दो घंटे बाद करने की दिलासा देकर प्रत्याशियों को टरकाया जा रहा है। यहां तक की भाजपा ने तो प्रत्याशी भी घोषित कर दिए हैं। जबकि यह किसी पार्टी का चुनाव नहीं है। यह किसानों का चुनाव है जिसको लेकर उन्होंने अपने समर्थकों के साथ नामांकन प्रक्रिया को लेकर अव्यवस्था के बोलबाले काआरोप लगाया है।

### राज्य मंत्री पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली पहुंचे यज्ञ सम्राट के आवास पर

संस्कार उजाला



**विंध्याचल** - पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सोहनलाल श्रीमाली यज्ञ सम्राट राजन महाराज के आवास पर पहुंचे जहां पर राजन महाराज के द्वारा विधिवत उनका भव्य संखनाद व मंत्रोचार के साथ स्वागत सत्कार किया गया उसके बाद महाराज के द्वारा वस्त्र शस्त्र मंत्री को भेंट किया गया मंत्री पद पर आसीन होने के बाद महाराज जी का मंत्री जी से यह पहली मुलाकात थी जहां पर जोरदार स्वागत किया गया।

## मछुआ समुदाय समिति गठन करने हेतु बैठक आगामी 29सितंबर को

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र।** चोपन विकासखंड चोपन के न्याय पंचायत जुगैल में निहित सभी ग्राम सभाओं में निवास करने वाले मछुआ समाज के व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 29सितंबर 2024 समय दोपहर 2:00 बजे से अगोरी खास पंचायत भवन पर बैठक रखी गई है जिसमें समिति के गठन पर विचार समिति के नाम पर विचार मुख्य प्रवर्तक के नाम पर विचार समिति के कार्य क्षेत्र पर विचार किया जाएगा आदि किया जाएगा एक मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड का गठन कराए जाने पर विचार किया जाना है ताकि इस न्याय पंचायत में निवास करने वाले मछुआ समुदाय के व्यक्तियों को स्थानीय स्तर पर मत्स्य एवं सरकार द्वारा निर्धारित अनकारियों के माध्यम से आच्छादित करते हुए लाभ पहुंचाया जा सके।

## रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा निबंध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन।

संस्कार उजाला

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।**



**ओबरा/सोनभद्र।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा, सोनभद्र में संचालित रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। निबंध का विषय ₹सड़क सुरक्षा में युवाओं की भूमिका₹ था। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम कराया गया जिसका संचालन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. महीप कुमार के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु महाविद्यालय में कई कार्यक्रम कराए जाएंगे जिसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर जन्तु विज्ञान के अस्सिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तुहार मुखर्जी ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर चर्चा की। छात्र छात्राओं में प्रियांशु, सदानंद, कमलेश, राजश्री, खुशी, शाहीन, संध्या, सरोज, गार्गी, अनुराधा, कृतिका, काजल, मोनिका, सुमेधा, वंशिका, रिया, आमना, नैना, प्रिंस, सतीश, आशीष, सत्यम, नितेश के साथ अन्य विद्यार्थी इत्यादि उपस्थित रहे।

## कंडाकोट महादेव पर निर्मित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का होगा प्रसारण। ,विश्व पर्यटन दिवस पर होगा प्रसारण।

संस्कार उजाला

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।**



**सोनभद्र।** पुरातत्व इतिहास प्राकृतिक स्थलो की संगम स्थली कंडाकोट महादेव मंदिर पर वाराणसी दूरदर्शन केंद्र द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रसारण 27 सितंबर (विश्व पर्यटन दिवस) के अवसर पर रात्रि 10:00 बजे डीडी यूपी चैनल पर प्रसारित होगा। उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए इतिहासकार दीपक कुमार केसरवानी ने बताया कि- इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म के निर्माण एवं प्रसारण में वाराणसी दूरदर्शन केंद्र के निदेशक राजेश गौतम, कार्यक्रम अधिकारी अजय राय, डॉ संतोष मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, हरिकांत आदि महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## आगामी त्योहार नवरात्रि, दुर्गा पूजा व दशहरा त्योहार के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**



**ओबरा/सोनभद्र।** क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय द्वारा थाना ओबरा पर आगामी त्योहार नवरात्रि, दुर्गा पूजा व दशहरा को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र के विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं/सम्भ्रान्त व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों के साथ शान्ति समिति/पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी । इस दौरान बैठक में उपस्थित विभिन्न धर्मगुरुओं, सम्भ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर उपरोक्त त्योहार को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी साथ ही सभी से अपील की गयी कि अराजक तत्वों के सम्बंध में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें । इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को भी थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए आगामी त्यौहार को सकुशल व शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

# सरकारी धन का झोल, खुला ढोल के अंदर का पोल

**स्थानीय स्तर पर शिक्षा की सुविधा के लिए डीएमएफ से देंगे सहयोग- लाल बिहारी यादव - नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद**

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र।** ओबरा: भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस वाली सरकार का पोल उस समय खुल गया जब विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने जनप्रतिनिधियों के साथ ओबरा इंटरमीडिएट कॉलेज के अंदर जाकर उसकी दुर्दशा को नजदीक से देखा। दरअसल शिक्षकों के बीच से नेता प्रतिपक्ष के पद तक का सफर तय करने वाले शिक्षक नेता ने पूरे सोनभद्र के शिक्षकों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके दु:ख- दर्द को महसूस करने और समाधान करने का मिशन बना रखा है। शिक्षक नेता को आदिवासी क्षेत्र के गौरवशाली विद्यालय ओबरा इंटरमीडिएट कॉलेज की दुर्दशा की जानकारी विधान परिषद में उठने वाले प्रश्नों से हुई थी। पता चला कि महज 2 वर्षों में छात्र संख्या 1800 से घटकर 380 तक आ गई है। विद्यालय में 90% विषयों के प्रवक्ता हैं ही नहीं। प्राइमरी के शिक्षकों को प्रवक्ता के रूप में दिखाकर खाना पूर्ति की जा रही है । प्रयोगात्मक कार्य बिल्कुल नहीं होता, साफ पानी के लिए लगे फ्ळ को खराब हुए 2 साल हो गए बनवाने के लिए पैसा ही नहीं है। नेता प्रतिपक्ष को प्रधानाचार्य ने बताया गया कि विद्यालय का नाम , बोर्ड और फीस पहले जैसा ही है। इस झूठ पर मौके पर उपस्थित भीड़ ने वक्तव्य का भारी विरोध किया । भीड़ ने बताया कि विद्यालय का नाम बार-बार बदला जा रहा है और वर्तमान में ओबरा इंटर कॉलेज की बजाय सातवीं बार नाम बदलकर डीएवी विद्युत पब्लिक स्कूल ओबरा रखा गया है। फीस में 45 गुना तक वृद्धि कर दी गई है। नेता प्रतिपक्ष के यह पूछने पर कि जब विद्यालय डीएवी को दे दिया गया है, तो सरकारी वेतन पाने वाले शिक्षक प्राइवेट संस्था डीएवी में क्यों पढ़ा रहे हैं..?? इस पर प्रधानाचार्य ने गलती का ठीकरा निगम के उच्च प्रबंधन पर फोड़ दिया। नेता प्रतिपक्ष से अपनी बात कहने की कोशिश करने पर प्रधानाचार्य द्वारा शिक्षकों से दुर्व्यवहार किया गया। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने चुटकी लेते हुए कहा कि ₹आप मिलिट्री से रिटायर हुए हो क्या₹ ?? विद्यालय में भ्रष्टाचार की पोल उस समय खुल गई, जब कुछ अभिभावकों और समाजसेवियों ने नेता को बताया कि फीस के रूप में लिए जा रहे पैसे का कुछ अता-पता नहीं है। विद्यालय में खेल का सामान खरीदा ही नहीं जा रहा। वाचनालय,परिचय- पत्र, पत्रिका, जलपान, स्काउट ,श्रव्य- दृश्य, रेडक्रॉस आदि के नाम पर लिया जा



रहा शुल्क कहां जा रहा है ? इसका कोई जवाब नहीं मिला। निश्चित ही इस भ्रष्टाचार में कुछ शिक्षको की मिलीभगत है। खैर यह तो भविष्य में जांच का विषय है।बिजली का बिल बचाने के नाम पर पंखों का कनेक्शन काट दिया गया है और ज्यादातर कमरों में बल्ब भी नहीं लगाया जा रहा है। पिछले दो वर्षों से खिलाड़ियों को खेल प्रतियोगिता में भेजना भी बंद कर दिया गया है। कुल मिलाकर डीएवी प्रबंधन द्वारा पुराने विद्यार्थियों को परेशान करने, हर काम के लिए बार-बार दौड़ाने, शिक्षकों का उत्पीड़न करने, फीस में भारी बढ़ोतरी के साथ-साथ विद्यालय परिसर के हरे पेड़ों को काटने के सबूत मिले। वह भी तब जब प्रधानमंत्री जी ने₹ एक पेड़ अपनी मां के नाम₹ का अभियान चला रखा है यह तथ्य भी प्रकाश में आया कि केवल सरकारी धन पाने के लिए विद्यालय का नाम ओबरा इंटरमीडिएट कॉलेज दिखाया जाता है, शेष कामों में इसी विद्यालय को डीएवी के नाम से प्रचारित किया जाता है। इसी क्रम में हर जगह से विद्यालय का नाम मिटा दिया गया है। डीएवी प्रबंधन के प्रति शिक्षकों, ग्रामीण व समाजसेवियों के भारी विरोध के बीच नेता प्रतिपक्ष ने आपसी सहयोग की अपील की है। इस मौके पर प्रमुख समाजसेवी संजय यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष सपा रामनिहोर यादव, योगाचार्य अजय पाठक, अमरेश यादव- प्रधान प्रतिनिधि, त्रिरत्न शुक्लेश जिलाध्यक्ष- शिक्षक सभा, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय यादव, रमेश यादव, अशोक यादव, मुकेश जायसवाल, संजय कनौजिया, चंद्रकांत राव, रमेश वर्मा अमरनाथ यादव, छात्र नेता मुकेश जायसवाल आदि समाजसेवी उपस्थित रहे।

# अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें - मा मंत्री श्री कपिल देव अग्रवाल

**जनपद की 51 निमार्णाधीन परियोजनाओं में हो रहे कार्यों की गुणवत्ताओं का रखें विशेष ध्यान**

संस्कार उजाला

**जिला प्रभारी अमित शर्मा**


मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास, और उद्यमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश एवं प्रभारी मंत्री हापुड़ श्री कपिल देव अग्रवाल जी ने विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक में शासन की मंशा के अनुरूप काम करने के निर्देश दिया।


मा0 मंत्री जी ने विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों विद्युत आपूर्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, कन्या सुमंगला योजना, जल जीवन मिशन, गौशाला, अमृत सरोवर, कौशल विकास मिशन, सामूहिक विवाह योजना, पीएम स्वा-निधि योजना, मध्यान भोजन योजना, आंगनबाड़ी तथा अन्य विकास योजनाओं का क्रियान्वयन ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि




जनपद की 51 निमार्णाधीन परियोजनाओं में हो रहे कार्य की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए जो भी कार्य चल रहे हैं उसमें समय सीमा के अंदर ही कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि निर्माण कार्यों की समय-समय पर निरीक्षण कर सत्यापन रिपोर्ट भी अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि जनपद में जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उसकी जानकारी जनपद के प्रतिनिधियों को भी कराई जाए जिससे कार्यों में पारदर्शिता रहेगी। प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों के अंतर्गत पारिवारिक लाभ दिए जाने हेतु समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए और कहा कि पारिवारिक लाभ के अंतर्गत पात्र महिलाओं को अवश्य लाभान्वित करें कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं में केवल पात्र लोगों को ही लाभ दिलाया जाए। जिलाधिकारी श्री मती प्रेरणा शर्मा ने कहा कि बैठक में माननीय मंत्री जी के दिए गए निर्देशों का पूर्णत: पालन किया जाएगा साथ ही योजनाओं के सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक के दौरान माननीय सांसद कंवर सिंह तंवर, अतुल गर्ग, विधायक सदर विजयपाल आढती, विधायक गढ़मुक्तेश्वर हरेंद्र तेवतिया, जिला पंचायत अध्यक्षा रेखा नागर, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार , अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील त्यागी तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जनपद की तीनो गन्ना समितियां में होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की सरगर्मियां हुई तेज नामांकन करने को लेकर प्रत्याशियों का उमड़ा जन सैलाब





संस्कार उजाला हापुड़

जिले की तीनों गन्ना समितियों में होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल गरमाने लगा है। सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी सहित प्रमुख विपक्षी दल सपा ने इस चुनाव को जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाते हुए अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। 26 सितंबर को होने वाले डेलिगेट्स के नामांकन के लिए सभी दलों ने अपने अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारने की रणनीति बनानी शुरू कर दी है। जिले में सिंभावली, हापुड़ व धौलाना गन्ना समिति से जुड़े 287 गांवों के लगभग 69 हजार मतदाता 501 डेलिगेट्स के चुनाव का फैसला करेंगे। जिसमें 25 सितंबर दोपहर तक आपत्ति निस्तारण के बाद अंतिम मतदाता सूची को प्रकाशित किया गया। डेलिगेट्स के चुनाव के लिए 26 सितंबर को भारी पुलिस बल की देखरेख में नामांकन प्रक्रिया को अमली जामा पहनाया गया है। उत्तर प्रदेश में मतदाताओं के हिसाब से सिंभावली गन्ना समिति बड़ी मानी जाती है तथा इसका विशेष महत्व है। चूंकि इस गन्ना समिति में सर्वाधिक 156 गांवों समायोजित किए हुए हैं। जिनके 45 हजार से अधिक मतदाता 286 डेलिगेट्स का चुनाव करेंगे। धौलाना में 56 गांव के नौ हजार से अधिक मतदाता 88 डेलिगेट्स का चुनाव करेंगे। इसी के साथ हापुड़ समिति में 75 गांव के 15 हजार मतदाता 127 डेलिगेट्स का चुनाव करेंगे। वहीं गन्ना समितियों के एआर कापरेटिव प्रेम शंकर शुक्ला ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कराने को सभी व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। जिले की तीनों गन्ना समितियों पर भारी पुलिस बल की देखरेख में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नामांकन प्रक्रिया कराई जाएगी।

## किसान के घर के पास बोरवेल मे आया मगरमच्छ

संस्कार उजाला

**जनपद शाहजहांपुर**



**खुटार।** क्षेत्र के गांव रौतापुर कला में रहने वाले संतोष शर्मा का पुवायां रोड स्थित गुरुद्वारा के पीछे खेत में मकान बना हुआ है। इनके मकान के पास में ही बोरवेल है और वहीं पर इनका स्नान घर है। शाम 7 बजे के करीब सुभाष स्नान करने के लिए पहुंचे, तो उनकी नजर पास में स्थित बोरवेल के गड्ढे में गई। जहां देखा कि गड्ढे में भरे पानी में कोई बड़ी चीज तैर रही थी। जिस पर उन्हें शक हुआ, तो उन्होंने टार्च की रोशनी डालकर गड्ढे में देखा, जहां एक बड़ा सा मगरमच्छ तैर रहा था। बोरवेल के गड्ढे में मगरमच्छ के आ जाने से हड़कंप मच गया। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत आसपास रहने वाले लोगों को दी। खबर लगते ही मौके पर तमाम लोगों का मजमा लग गया। मामले की सूचना वन विभाग को दी गई। खबर लगते ही वन दरोगा संतोष गौड, वनकर्मी अशोक वाजपेई मौके पर पहुंचे और उन्होंने बोरवेल में आए मगरमच्छ को रेस्क्यू करने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने पड़ोस के गांव लक्ष्मीपुर में रहने वाले सांप पकड़ने में माहिर सूरज से संपर्क किया। सूचना मिलते ही सूरज भी मौके पर पहुंचे। सूरज ने वन विभाग की टीम की मदद करते हुए मगरमच्छ को करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर लिया। इस दौरान मगरमच्छ के हमले में सूरज मामूली रुप से घायल भी हो गया। इसके बाद टीम मगरमच्छ को पुवायां रोड स्थित गोमती नदी पर ले गई। जहां उसे नदी में रात मे छोड़ दिया गया।

# हसीन राणा ने की अबूधाबी के अंतरराष्ट्रीय राजदूत संयुक्त अरब अमीरात के शेख सैय्यद नसीर बा बद्र एवं आर.एस.एस.के केंद्रीय अधिकारी से मुलाकात....

### देश की अखंडता व हिंदू मुस्लिम एकता पर हुई वार्ता

संस्कार उजाला

**सहारनपुर** ,क बेहट बुधवार को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के नेता कारी अबरार जमाल के निमंत्रण पर सहारनपुर पहुंचे अबूधाबी के अंतरराष्ट्रीय राजदूत संयुक्त अरब अमीरात के शेख सैय्यद नसीर बा बद्र एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के केंद्रीय अधिकारी डा.इंद्रेश कुमार।इस दौरान कारी अबरार ने सलेमपुर गदा निवासी व भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव हसीन राणा से आबूधाबी के अंतरराष्ट्रीय राजदूत संयुक्त अरब अमीरात के शेख सैय्यद नसीर बा बद्र एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के केंद्रीय अधिकारी डॉ.इंद्रेश कुमार से विशेष मुलाकात कराई जिसमे हिंदू मुस्लिम एकता व देश की अखंडता, एकजुटता पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। हसीन राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि आबूधाबी के अंतरराष्ट्रीय राजदूत संयुक्त अरब अमीरात के शेख



सैय्यद नसीर बा बद्र एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के केंद्रीय अधिकारी बुधवार को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के नेता कारी अबरार जमाल के बुलावे पर सहारनपुर दौरे पर आए थे इस दौरान उन्होंने विशेष मुलाकात के लिए हसीन राणा को फोन किया इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत की अखंडता व हिंदू मुस्लिम एकता के लिए हमें आगे आना चाहिए ताकि किसी भी धर्म या जाति के लोगों में भेदभाव की भावना न रहे बल्कि सभी लोग एक दूसरे के धर्म का एक सम्मान करे। क्योंकि भारत देश ही ऐसा देश है जहां जाति धर्म को छोड़कर एक दूसरे के धर्म का सम्मान किया जाता है जिसके फलस्वरूप ही भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिया गया है क्योंकि यहां के लोग एक दूसरे के धर्म व जाति का विशेष सम्मान करते हैं। भारतीय लोग एक दूसरे धर्म के त्योहार आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। सहारनपुर पहुंचे अबूधाबी के शेख सैयद नसीर बा बद्र ने भारत देश को अच्छा मुल्क बताया अबूधाबी के शेख ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताया अबूधाबी में हो रहे मंदिर के निर्माण पर भी शेख ने बड़ी बात कहते हुए कहा की मंदिर का निर्माण होने से वहां पर भी भारत देश के लोगों का आना जाना होगा। शेख ने कहा अबूधाबी में सभी लोग अमन चैन सुकून के साथ रहते हैं। शेख ने बताया भारत में बहुत जगह घूमे हैं पर सहारनपुर सिटी बहुत अच्छी जगह है।इस दौरान मुख्य रूप से इस्लाम राणा,शाकीर राणा, आमीर राणा,आदिल मलिक,अनस फरीदी व शमशाद राव आदि लोग मौजूद रहे।

# DOM 24 मशीन लेकर बिहारीगढ पहुंचे इंस्पेक्टर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग

### पकौड़ी की तीन अलग-अलग दुकानों पर तेल का परिक्षण किया




***उबलते तेल की जांच में नमूना फैल होने पर दी व्यवस्था सुधारने की कड़ी हिदायत**

संस्कार उजाला

सहारनपुर बिहारीगढ़

त्यौहारी सीजन शुरू होने से पहले कस्बे में आज खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के बेहट एरिया इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह नमूने लेने के लिए पहुंचे तो बाजार में हड़कंप मच गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग के इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने पकौड़ी की तीन अलग-अलग दुकानों पर जाकर जिस तेल में पकौड़ियां बनाई जा रही थी उस खौलते हुए वनस्पति तेल का डोम 24 मशीन डालकर परीक्षण किया तो तेल की गुणवत्ता फैल मिली। इसके बाद उन्होंने सभी दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि एक बार कढ़ाई में डाले गए तेल को एक बार से अधिक बार इस्तेमाल ना किया जाए एवं गरम तेल के साथ नया टीन खोलकर उसमें शुद्ध सरसों के तेल या रिफाइंड को कतई ना मिलाया जाए, इसी की वजह से वनस्पति खाद्य तेलों की गुणवत्ता नष्ट होती है और इस स्वादिष्ट व्यंजन को खाने वाले लोगों के शरीर पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है, जो कानूनी तौर पर जुर्म है।

## संक्षिप्त डायरी

### अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर अधिवक्ता एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा

संस्कार उजाला ब्यूरो




**सहारनपुर।** अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता समाज बगैर किसी अनुदान या मानदेय के गर्मी, धूप, सर्दी, बरसात, टीन शेड में, खुले आसमान के नीचे दीवार के किनारे, आवश्यक मूलभूत सुविधा के पूर्ण अभाव में अपने न्यायिक कर्तव्यों का निर्वाहन पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ करता है। महोदय खेद का विषय है कि प्रदेश में आये दिन अधिवक्ताओं की हत्याएं हो रही हैं। सरकार अधिवक्ताओं की मूलभूत आवश्यकता एवं सुरक्षा पर गम्भीर नहीं दिख रही है. जिसके कारण अधिवक्ता समाज में अपनी सुरक्षा को लेकर चिन्ता एवं भय व्याप्त है। ऐसी दशा में प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से विधि आयोग उ०प्र० में विचाराधीन एडवोकेट प्रोटेक्शन ऐक्ट अविलम्ब लागू किये जाने हेतु आवश्यक एवं प्रभावी कार्यवाही की जाये। बार एवं बेन्च न्यायिक प्रक्रिया के सुलभ संचालन का आवश्यक अंग होता है। विगत कई वर्षों में सरकार द्वारा न्यायिक अधिकारियों को मिलने वाली उनकी हर आवश्यक भौतिक सुख सुविधाओं से परिपूर्ण कर दिया है परन्तु अधिवक्ता समाज आज भी अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के अभाव में बगैर व्यवस्थित चम्बर व वाहन पार्किंग के अपने न्यायिक कार्यों का निष्पादन समर्पण भावना के साथ करता चला आ रहा है. उसके बावजूद आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं को बैठने के लिये स्थायी चौम्बर व वाहन हेतु पार्किंग की सुदृढ व्यवस्था नहीं हो पायी है। ऐसी दशा में न्याय एवं अधिवक्ताहित में तत्काल प्रभाव से प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं के बैठने हेतु स्थायी व्यवस्थित चौम्बर तथा वाहन पार्किंग की सुदृ द व्यवस्था किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की महती कृपा की जाये।अधिवक्ता समाज बगैर किसी मानदेय या अनुदान के पूरी जिम्मेदारी एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करता है, जबकि सम्बन्धित न्यायिक अधिकारीगण को उसी कार्य निर्वाहन के लिये लाखों रुपए महीना प्रदान किया जाता है। ऐसी दशा में अधिवक्ताओं की मूलभूत आवश्यकता को देखते हुए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा जारी लोक कल्याणकारी योजनाओं में प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं को सम्मिलित करते हुए, उन्हें सामुहिक स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत 10 लाख रुपए एवं अधिवक्ता की मृत्यु उपरात मिलने वाली सामुहिक टर्म पालिसी के अंतर्गत 10 लाख रुपए की लाभकारी योजना से भी आच्छादित किया जावे।अधिवक्ता समाज का देश की आजादी से लेकर भारत के आधुनिक उत्थान तक बेहद अग्रणी एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके बावजूद अधिवक्ता समाज को आज तक केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा यथासम्भव सम्मान एवं प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है। ऐसी दशा में अधिवक्ताओं की निष्ठा, त्याग, समर्पण एवं जिम्मेदारी को देखते हुए राज्य सभा एवं विधान परिषद में अधिवक्ताओं के लिये अधिकाधिक सीट आरक्षित किया जावे। ज्ञापन देने वालों में राजीव गुप्ता ,दीपक कुमार चौधरी एडवोकेट,गौरव शर्मा,नितिन कुमार धीमान एडवोकेट,ऋषि रंजन राणा,जमाल साबरी एटकेट,योगेश कुमार कम्बोज एडवोकेट,रोशनी सिंह एडवोकेट,सचिन कुमार सैनी एडवोकेट,निशान्त त्यागी एडवोकेट,सचिन कुमार सैनी,आदि मौजूद रहे

### कुआं खेड़ा के संगम घाट पर चला विशेष सफाई अभियान ,छात्रों ने ली स्वच्छता शपथ

संस्कार उजाला ब्यूरो



**अशोक शर्मा सहारनपुर,** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निदेर्शानुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत नमामि गंगे कार्यक्रम को संचालित कर रही जिला गंगा समिति एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के संयुक्त संयोजन में ग्राम पंचायत कुआं खेड़ा विकासखंड ननौता के संगम घाट पर विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया। सफाई अभियान में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कुआं खेड़ा, राजकीय इंटर कॉलेज भावसी तथा ग्रीन फील्ड अकादमी ननौता के सैकड़ो छात्र-छात्राओं द्वारा संगम घाट पर सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्वच्छता सलाहकार देव भास्कर पांडे ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के उद्देश्य पर संवाद किया। उन्होने छात्र-छात्राओं को गंगा एवं स्वच्छता शपथ दिलाकर सामूहिक श्रमदान का आयोजन कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कुआं खेड़ा राज की इंटर कॉलेज भावसी तथा ग्रीन फील्ड अकादमी के प्रधानाचार्य कुमुद पुंडीर फहीम अहमद इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसी के साथ जनपद के समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता की शपथ ली। इस अवसर पर प्रत्येक विद्यालय पर नामित प्रभारी अधिकारियों ने स्वच्छता के महत्व पर छात्रों को प्रेरित किया। पखवाडा के अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, स्वच्छता शपथ एवं अन्य गतिविधियों में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 प्रवीण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक हर्षदेव स्वामी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कोमल का विशेष सहयोग रहा।

### शांति व्यवस्था बिगाड़ने पर तीन युवको को उप जिलाधिकारी के समक्ष पेश किया.

संस्कार उजाला



**सहारनपुर बिहारीगढ़**

उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत थाना अध्यक्ष विनोद कुमार ने तीन युवको को गिरफ्तार कर उप जिलाधिकारी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि कोशी पुत्र कलीराम उम्र लगभग 44 वर्ष, प्रदीप पुत्र कलीराम लगभग 46 वर्ष, गौरव पुत्र सुखराम उम्र लगभग 26 वर्ष ग्राम चानचक थाना बिहारीगढ़ जिला सहारनपुर को शांति व्यवस्था भंग करने पर धारा 170/126/135 बी.एन.एस.एस में मुकदमा पंजीकृत करते हुए उपजिलाधिकारी न्यायालय के समक्ष पेश किया गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक इंद्रजीत सिंह कांस्टेबल अमित कुमार शामिल रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### ए एच पी इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय तहसील स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया

संस्कार उजाला



**सहारनपुर** :छुटमलपुर

तीन दिवसीय तहसील स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आज ए.एच.पी. इंटर कॉलेज छुटमलपुर में शुभारम्भ हुआ।प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष में तीन दिवसीय तहसील स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ जिसमें लगभग 15 विद्यालयों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर मुख्य अतिथि के रूप पधारे जिला विद्यालय निरीक्षक हर्ष देव स्वामी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही खेल ध्वज भी फहराया। उन्होंने प्रतियोगिता में उपस्थित रहे तहसील के लगभग 15 कॉलेज के प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए जीवन में निरन्तर प्रयत्न करते रहने की सीख दी। कॉलेज प्रबन्धक राजकुमार पुण्डीर एवं प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया। अपने सम्बोधन में प्रधानाचार्य धमेन्द्र कुमार ने कॉलेज प्रांगण में उपस्थित खेल प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों को होने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि परिणाम चाहे कुछ भी हो परन्तु प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते रहने से आगामी जीवन के लिए विश्वास बढ़ता है प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में दौड़ प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई जिसमें 600 मीटर दौड में सुमित राठौर, पंकज कुमार एवं शिवम क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे वहीं 800 मीटर दौड में वासु सिंह, मोहित भास्कर, संजीव कुमार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन खेल प्रशिक्षक मुकेश राही के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। मुख्य रूप से खेल प्रशिक्षक रजनीश कुमार, शक्ति सिंह, ब्रहम पाल सैनी, पप्पन कुमार, घनश्याम राणा, सुरेन्द्र सिंह आदि का सहयोग रहा।

### खंड कार्यालय पर पंचायत सहायकों को सफाई अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई

**संचारी रोगों के निवारण के लिए विस्तार से जानकारी दी गई**

संस्कार उजाला



**सहारनपुर** सहारनपुर छुटमलपुर विकासखंड मुजफ्फराबाद के प्रभारी अब्दुल व्हाब ने पंचायत सहायकों तथा ग्राम सचिवो की एक आवश्यक बैठक कर पंचायत सहायकों को संचारी रोगों के निवारण के लिए विस्तार से जानकारी दी और कहां की किसी भी गांव में नालियों में पानी न रोके तथा जहां पर पानी रुकता है उसे पानी की निकासी होनी चाहिए तथा घर-घर जाकर परिवारों में बताया जाए कि फ्रिज, कूलर तथा शाम के समय घरों में नीम के पत्तों का धुआं करें और मच्छरदानी का प्रयोग करें भोजन में बासी खाने का प्रयोग ना करें और ताज साफ सुथरा खान-पान करें इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के को ऑर्डिनेटर सचिन पवार ने भी संचारी रोगों के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि आपके सहयोग से संचारी रोगों पर रोकथाम की जा सकती है और क्षेत्र की जनता को रोगों से बचाया जा सकता है बैठक में मुख्य रूप से एडियो पंचायत प्रवीण कुमार शर्मा वह ग्राम सचिव अनुज बिश्नोई, कमल राणा, विजय कुमार तथा पंचायत सहायकों में काजल सैनी ,दीपा देवी, शुभम कुमार, राहुल कुमार ,वर्षा देवी ,खुशी देवी, कुमारी रूचि, नेहा देवी आदि पंचायत सहायक तथा ब्लॉक कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद रहे

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर का किया गया आयोजन

### आईटीसी के सुनहरा कल अभियान के अन्तर्गत लगाए गए स्वास्थ्य शिविर

संस्कार उजाला ब्यूरो

**सहारनपुर,।** जिलाधिकारी एवं जिला स्वच्छता समिति के अध्यक्ष श्री मनीष बंसल के निदेर्शानुसार स्वच्छभारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जनपद में विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाली गतिविधियों के क्रम में आज जनपद के समस्त 22 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सफाई कर्मचारीगणों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पंचायती राज विभाग में कार्यरत समस्त सफाई कर्मचारी तथा सामुदायिक शौचालय संचालन में कार्य कर रही स्वयं सहायता समूह की महिला सफाई कर्मचारी एवं आर0आर0सी0 सेंटर पर कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर




में हिस्सा लिया। विकासखंड बलियाखेड़ी परिसर में आईटीसी के सहयोग से लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में शहर के समस्त सफाई कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य शिविर में कुशल डॉक्टरों की टीम ने आंख सहित अन्य बीमारियों से संबंधित चेकअप किया। स्वास्थ्य परिक्षण शिविर में जिला पंचायत राज अधिकारी एवं सचिव जिला स्वच्छता समिति आलोक शर्मा ने संबोधित करते हुए सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा इस बात के लिए अपील किया की स्वच्छता अपनाकर गंदगी से होने वाली बीमारी को हम लोग स्वतः ही समाप्त कर सकते हैं। सचिव जिला स्वच्छता समिति ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस बात पर विशेष बल दिया की संचारी रोग नियंत्रण अभियान में भी सफाई कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने आईटीसी के द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के प्रति आभार जताते हुए यह भी विश्वास जताया कि राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम में आईटीसी यथावत सहयोग करती रहेगी। इस अवसर पर आईटीसी समूह की ओर से मयंक पांडे, आईटीसी सुनहरा कल से जुड़ी संस्था उमंग के संयोजक निकेश, एडिओ पंचायत बलिया खेड़ी पंकज सैनी समेत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से जुड़े हुए अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीएचसी नागल में आयोजित किया गया मानसिक स्वास्थ्य शिविर

### बढ़ती मोबाइल की लत बनी मानसिक रोग का कारण: सीएमओ डॉ ० प्रवीण कुमार

**गर्ववती महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी कराई गई**

संस्कार उजाला

**नागल सहारनपुर**

**अजय त्यागी नागल:** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० प्रवीण कुमार, क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र निम, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पपिन चौधरी, जिला मलेरिया अधिकारी शिवांका गॉड व सीएचसी अधीक्षक डॉ० नितिन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ० नितिन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया गया कि भारत में मानसिक रोग से सम्बंधित चिकित्सा सुविधा सर्वप्रथम कर्नाटक राज्य के दो जिलों से अगस्त 1982 में की गयी थी जोकि समस्त भारतवर्ष में 10 वर्षो में लागू की गयी एवं 10 अक्टूबर 1992 को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० प्रवीण कुमार द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के ऊपर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक समय में सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रचलन एवं नवयुवको में नशाखोरी के कारण मानसिक रोगों की प्रवृति बढ़ती जा रही है जिसपर समय रहते रोक लगाना जरूरी है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक देवेन्द्र निम ने कहा कि वर्तमान समय में व्यस्त जीवनशैली, कार्य का बोझ एवं बालको में मोबाइल देखने का प्रचालन मानसिक रोग का मुख्य कारण है स्वास्थ्य से सम्बंधित अन्य समस्याओ में जिनकी



प्रतिपूर्ति आयुष्मान कार्ड में नहीं हो पाती है जिस कारण अतिरिक्त व्यय होता है तो सम्बंधित बीमारी पर होने वाले व्यय का इस्टीमेट अपने सम्बंधित विधायक से संपर्क कर व्यय प्रमाणित कर स्वास्थ्य सेवा का लाभ प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर अतिथियो द्वारा आंगनवाड़ी विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओ की गोद भराई भी की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ० सूरज सिंह ने किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी असलम परवेज, सीडीपीओ अलका त्रिपाठी, कपिल डाबर, मानसिक विशेषज्ञ टीम डॉ० ख़्वाजा खय्याम, पीएसडब्ल्यू अंशिका सिंह, सोशल वर्कर कविता सिंह, हवेंद्र यादव, विभु प्रताप, मुदस्सर अली, डॉ० ईशा जैन, डॉ० आशा चौहान, फार्मेसिस्ट कमल सिंह राणा, जुगल किशोर, बीएल गौतम, मीनाक्षी देवी, सोनिया, कुमारी पिंकी, सरोज, सुनीता, मंसूर अहमद, मुनीश कुमार, अवनीश कुमार, रितेश कुमार, मोफीक अहमद, सुन्दरपाल, सुरेश कुमार, संजय कुमार, जितेंद्र कुमार, शिवकुमार, रविकुमार समेत आशासंगिनी व एएनएम सहित समस्त विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# थाना पुवायां पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य

### थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा शातिर चोर को मय अवैध तमंचा व कारतूस के गिरफ्तार कर उसकी निशादेही पर चोरी का माल किया बरामद

संस्कार उजाला

**जनपद शाहजहांपुर** पुवायां क्षेत्राधिकारी पुंवायाँ के कुशल पर्यवेक्षण मे चलाये जा रहे अभियुक्तो के सत्यापन व अवैध हथियार के दुरूपयोग व बिक्री को रोकने हेतु सघन अभियान के क्रम मे थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा शातिर चोर को मय अवैध तमंचा व कारतूस के गिरफ्तार कर उसकी निशादेही पर चोरी का माल किया बरामद । को थाना पुवायाँ पुलिस को जरिये मुखबिर खास सूचना मिली के ग्राम बरौना जंगल की ओर से एक व्यक्ति आ रहा है जिसके पास नाजायज तमंचा है अगर जल्दी की जाये तो पकडा जा सकता है । मुखबिर की बात पर विश्वास कर हम पुलिस वालो ने इस व्यक्ति ग्राम बरौना मोड़ से जंगल की ओर लगभग 100 मीटर की दूरी पर पकड़ लिया । पकडे हुए व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी थी तो इस व्यक्ति ने अपना नाम पवन पुत्र द्वारिका निवासी ग्राम गंगसरा थाना पुवायां जिला शाहजहाँपुर उम्र करीब 28 वर्ष बताया जामा तलाशी से इस व्यक्ति की पहने पैन्ट जीन्स की बायी फैट से एक अदद देशी तमंजा 315 बोर व पैन्ट जीन्स की अगली बायी जेब से एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व पहने पैन्ट जीन्स की पिछली बायी जेब से एक 500 रू का नोट बरामद हूए । इस व्यक्ति से बरामद तमंचा कारतूस के बारे मे लाईसेंस तलब किया गया तो दिखाने से कासिर रहा तथा गलती की माफी मागने लगा इस व्यक्ति को उसके जुर्म धारा 3/25 अ अू३ से अवगत कराते हुए बाकायदा समय 22.20 बजे दिनांक 25.09.2024 हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त को थाना पुवायाँ पर लाकर ग्राम गंगसरा मे हुई चोरी के सम्बन्ध मे सख्ती से पूछताछ की गयी तो पहले तो इधर उधर की बाते कर घूमाने का प्रयास किया फिर कुछ समय बाद कहा कि मैने पिछली सर्दियो मे करीब 02 महीना पिन्टू पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम गंगसरा थाना पुवायां जिला







शाहजहाँपुर की मछली पकौडी की दुकान पर व उसके साथ पार्टी मे भोजन बनाने का कार्य किया था । पिन्टू से मेरी मजदूरी 500 रुपए प्रतिदिन थी । मैने करीब 20 दिन पिन्टू के साथ कार्य किया था । इस प्रकार पिन्टू पर मेरे 10 हजार रुपए मजदूरी के शेष थे । मांगने पर पिन्टू ने मुझे 2 हजार रुपए दिये और बाकी रूपयो के लिए मुझे टहलाता रहा ।पिन्टू द्वारा मेरी मजदूरी के रुपए न देने के कारण मै पिन्टू से मन ही मन जलता रहा और उसे सबक सिखाने की ठानी और मै मौके की तलाश मे रहने लगा । अब से करीब दो अढाई महीना पहले पिन्टू अपने मकान पर ताला लगा कर मजदूरी करने परिवार सहित दिल्ली चला गया था तो मौका पाकर मैने अब से करीब डेढ महीना पहले रात्रि मे तारीख मुझे याद नही है मैने पिन्टू के घर का ताला तोडकर घर मे रखे 05 बडे छोटे सिलेण्डर, 01 छत का पंखा, ढिलिया के 02 पहिये, 02 बडे भगोने सिल्वर, 03 छोटे भगोने स्टील, 25 छोटी बडी खाने की प्लेट, 03 लोहे की कढाई चोरी कर ली थी और यह सभी सामान मैने ग्राम गंगसरा के पीछे सिरियाली फार्म से चलकर सिरियाली जंगल में खडे एक बडे पेड के नीचे खडी झाडियो मे छिपा रखा है। मै इस सामान को बेचने की फिराक मे था परन्तु बेचने का मौका नही मिला । आप अगर मेरे साथ चले तो मै आपके साथ चलकर वह सामान आपको बरामद करा सकता हूँ तथा बताया कि मैने दिनांक 28.08.2024 की रात मे ग्राम बेहटा सन्वात में गाँव के बाहर से 02 बण्डल पट्टा जीन का चोरी कर लिया था जो मैने गंगसरा मे एक चलते फिरते कबाडी को 01 हजार रुपए मे बेच दिया था आज पुलिस ने मुझसे जो 500 रुपए बरामद किये है ये वही रुपए है जो मैने कबाडी को पट्टा बेचकर लिए थे। शेष रुपए मुझसे खर्च हो गये । साहब मुझसे गलती हो गयी है माफ कर दो जिसके बाद अभियुक्त को मय पुलिस टीम के लेकर अभियुक्त द्वारा बताये गये स्थान पर ले जाकर मुकदमा उपरोक्त मे चोरी गये माल को बरामद किया तथा अभियुक्त को थाना हाजा पर वापस लाकर अग्रिम विधिक कार्यवाही के पश्चात मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा हैं ।

गिरफ्तार अभियुक्त :-

1.पवन पुत्र द्वारिका निवासी ग्राम गंगसरा थाना पुवायां जिला शाहजहाँपुर उम्र करीब 28 वर्ष

पंजीकृत अभियोग :

1.मु0अ0स0 580/2024 धारा 303(2)/ 317(2) इठर थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर

2.मु0अ0सं0 637/2024 धारा 305( )/331(3)/ 317(2) इठर थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर

3.मु0अ0सं0 641/2024 धारा 3/25 अ. अउळ थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर

बरामदगी का विवरण :-*

1.एक अदद तमंचा 315 बोर, एक अदद कारतूस 315 बोर

2.एक अदद बडा सिलेण्डर कॉमर्शियल इन्डेन, 02 घरेलू सिलेण्डर इन्डेन, 01 घरेलू सिलेण्डर एचपी, 01 घरेलू सिलेण्डर भारत,

3.01 पंखा छत हैवेल्स, 02 रिम लोहा ढिलिया, 02 भगोना सिल्वर मय ढक्कन बडे, 03 भगोना स्टील मय ढक्कन छोटे,

4.25 खाने की छोटी बडी प्लेटे स्टील, 03 कढाई लोहा अलग अलग साईज

गिरफ्तारी टीम का विवरण :-

1.अपर प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर

# बहुजन जागरूकता आंदोलन के साथ साथ बहुजन समाज को वोट की ताकत को समझाना होगाः युवा साथी टीम उत्तर प्रदेश

संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** युवा साथी टीम उत्तर प्रदेश द्वारा एक बहुजन जागरूकता बाइक रैली का आयोजन जिले के थाना थानगांव चौराहे से प्रारम्भ होकर रेउसा,जहांगी राबाद होते हुए बजेहरा गांव तक किया गया। बताते हैं कि इस बाइक रैली का उद्देश्य बहुजन महापुरुषों द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाना और देश भर में शोषित वंचित समाज में शिक्षा, आरक्षण,रोजगार के प्रति जागरूकता फैलाना और देश भर में हो रहे महिला अत्याचारों पर रोक लगाना आदि था। इस बाइक रैली में महा पुरुषों के चित्रों एवं उनके विचारों की लिखी हुई तख्तियां,झंडा,बैनर बाइक रैली का मुख्य आकर्षण रहे। इस बाइक रैली में लखनऊ सीतापुर,लखीमपुर,राय बरेली,हरदोई समेत कई जिलों के हजारों लोग शामिल हुए। युवा साथी डॉ.अनूप आर्या ने रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवाओं ने क्रांति की मसाल फूंक दी है अब यह मसाल किसी भी कीमत पर बुझने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि यह रैली उस संस्कृति पर जोरदार तमाचा है जो कहती थी कि इनको पढ़ने और आगे बढ़ने का अधिकार नहीं है। युवा साथी सुदर्शन लाल भारती ने रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी का मिशन वही है



जो कि महात्मा फुले,बाबा साहेब डा०भीमराव अम्बेडकर और कांशीराम का था। उन्होंने कहा कि हमें हमारी दशा और दिशा सुधारने के लिए शिक्षा,आरक्षण और रोजगार की जरूरत है और उसे हम लेकर रहेंगे। इसके लिए हमें बहुजन समाज के लोगों को वोट की ताकत को समझाना होगा। टीम की संरक्षक रेखा आर्या ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा बहुजन समाज आजादी के अठहत्तर वर्षों बाद भी जीवन के आधार शिक्षा, आरक्षण, रोजगार और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने कहा कि आज भी हमारी महिलाओं का शोषण और उत्पीड़न किया जाता है टीम की संरक्षक प्रतिभा सागर ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कम खा लेना,मेहनत ज्यादा कर लेना पर अपने बच्चों को जरूर पढ़ा लेना आपके पढ़े लिखे बच्चे ही आपकी और समाज दिशा दशा सुधारेंगे टीम की संरक्षक सुषमा बाबू ने रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब हमारे अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ने बाबा साहब या कांशी राम वापस नहीं आएंगे बल्कि हमें ही अपने समाज में बाबा साहब और कांशीराम पैदा करना होगा। अन्त में युवा साथी शैलेंद्र आर्या ने रैली में शामिल सभी साथियों को धन्यवाद ज्ञापित कर रैली का समापन किया। बहुजन जागरूकता बाइक रैली का आयोजन युवा साथी विनय भारती, सुशील भारती, सरदार कमलेश सिंह सहित महमूदाबाद और बिसवां के युवा साथियों द्वारा किया गया।

# फार्मासिस्ट उत्सव सभा का हुआ आयोजन

संस्कार उजाला

**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

**बहराइच।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर फार्मासिस्ट उत्सव सभा का आयोजन यूनाइटेड वेलफेयर फार्मासिस्ट ऐसोसिएशन द्वारा किया गया । कार्यक्रम में इस वर्ष की थीम ₹ फार्मासिस्टः वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्तिः पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय कृष्ण यादव औषधि निरीक्षक बहराइच, संगठन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. दुर्गा शंकर शुक्ला, राष्ट्रीय सचिव अर्चना दत्ता ,प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा शामिल हुए।औषधि निरीक्षक ने बताया कि फार्मासिस्ट ही जीवन रक्षक दवाओं का निर्माण करता है और फामेर्सी के माध्यम से जन समुदाय तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुंचाने का कार्य करता है। प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को स्वस्थ्य रखने में चिकित्सको के साथ साथ फार्मासिस्टो की भी बड़ी भूमिका होती है आज फार्मासिस्ट प्रदेश के चिकित्सा क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य कर रहा है और वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा कर रहे है। डॉ. दुर्गा शंकर शुक्ला ने बताया कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवाओं के महत्वपूर्ण अंग है।अर्चना दत्ता ने महिला फार्मासिस्टों से आग्रह किया को वो भी फामेर्सी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक वर्मा , प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया की संगठन द्वारा प्रदेश के बेरोजगार फार्मासिस्टो



को फामेर्सी के माध्यम से स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। संगठन भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सरकार से माँग किया करता है कि फार्मासिस्टों के द्वारा उत्तर प्रदेश की जनता को दवा -वितरण एवं दवा की सही जानकारी उपलब्ध कराने एवं देश की स्वास्थ्य सेवाएँ सुदृढ़ बनाने के लिए लिए देश में संचालित जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, महिला चिकित्सालयों, ब्लड बैंकों, पोस्टमार्टम सेन्टर, 100 शैय्या चिकित्सालय, महिला डिस्पेंसरी, स्वास्थ्य उपकेंद्र, डॉटस सेंटर, हॉस्पिटलों में नर्सिंग वार्ड इत्यादि में फार्मासिस्ट के पद सृजित किए जाये और उत्तर प्रदेश में बहुत से स्थान पर पद रिक्त हैं जिसे भरने का कार्य जल्द से जल्द किया जाए।इसी तरह पुरे देश मे फार्मासिस्ट के द्वारा संचालित हो रही फामेर्सी/मेडिकल स्टोर पर तरह तरह के जागरूक मेडिकल कैंप, नशीली दवाओं को अनाधिकृत व्यक्तियो को न वितरित हो, नयी दवाओ के साल्ट की जानकारी जनता को समय समय पर उपलब्ध कराते रहना ही फार्मासिस्टो परम अधिकार है जिसे वह पुरी तरह से पुरा करने मे लगे रहते है। इस कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से शामिल फार्मासिस्ट प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने को संकल्पित हुए। कार्यक्रम का संयोजन नवीन सिंह जिलाध्यक्ष बहराइच, सरफराज अहमद उपाध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम में संदीप वर्मा मंडल अध्यक्ष अयोध्या, शिवम कौशल मंडल महासचिव ,पवन कुमार जिलाध्यक्ष बाराबंकी, विजय विश्वकर्मा जिलाध्यक्ष बलरामपुर, मो.समीर जिलाध्यक्ष गोंडा, दिलीप वर्मा जिलाध्यक्ष श्रावस्ती, जिलाध्यक्ष आईटी बहराइच अस्मित रस्तोगी, शनि श्रीवास्तव, डॉ.शैलेश,अलीहसन,समीर खान, शाहिद आलम, सैय्यद हुसैन, परमेश वर्मा, शिवम् सोनी, विश्वनाथ यादव, समेत सैकड़ों फार्मासिस्ट उपस्थिति रहे

## संक्षिप्त डायरी

### ब्लाक पर धरना प्रदर्शन कर वीडिओ को सौंपा ज्ञापन।

संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** अखिल भारतीय खेत मजदूर सभा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर नया जाब कार्ड बनवाने बकाया मनरेगा मजदूर दिलाए जाने व नयी पीएम आवास सूची में पात्रों दर्ज करने की मांग को लेकर खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार जिले के




विकास खण्ड बिसवां में अखिल भारतीय खेत मजदूर सभा के नेतृत्व में पचास से अधिक मनरेगा मजदूरों ने धरना प्रदर्शन कर मनरेगा मजदूरी समेत अन्य मांगो को लेकर आवाज बुलंद की। सन्तराम ने कहा ग्राम पंचायत बंनीराय भदेसिया में मनरेगा मजदूरों की मजदूरी छः महीने से बाकी है तत्काल मजदूरी दिलाई जाए।आवास हीन परिवार को आवास सूची में शामिल कर संगठन को जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के उपरांत रामपुर घेरवा,भदेशिया, सरांय,मझगवां खुर्द आदि पंचायतों में नया जाब कार्ड तत्काल जारी कर मनरेगा मजदूरों को पंचायत भवन में आवेदन लेकर तत्काल काम दिया जाय। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगो पर कार्यवाही नहीं की गई तो एक अक्टूबर से ग्राम पंचायतों पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर राम दास, लवकुश,सचिन,विनोद कल्लू राम,मालती,प्रेम शंकर आदि लोग मौजूद रहे।

### विद्यालय परिवार पीड़िता के साथ विद्यालय को बदनाम करने का कुचक्र रचने वालों पर की जाएगी कानूनी कार्यवाही।

संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिले की तहसील महमूदाबाद मुख्यालय नगर क्षेत्र में नाबालिग किशोरी के साथ शिक्षक द्वारा की गई घटना के मामले में क्षेत्र के प्रतिष्ठित निजी विद्यालय को सोशल मीडिया पर साजिश के तहत बदनाम किया जा रहा है। जिसको लेकर संस्था



प्रबंधन ने रोष व्यक्त करते हुए राजनीति करने वालों की निंदा की और जबरन संस्था को बदनाम करने वालों पर मानहानि के तहत कार्रवाई के संकेत दिये है। संस्था के चेयरमैन रमेश बाजपेयी ने गुरूवार को पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि कतिपय सोशल मीडिया एकाउंट और कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा उक्त घटना में संस्था को शामिल दिखाया जा रहा है। जबकि संस्था का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इससे कोई वास्ता या सरोकार नहीं है। जिस दिन यह घटना संज्ञान में आई। उसके बाद विद्यालय परिवार छात्रा व परिजनों के साथ खड़ा है।आरोपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त करने के साथ पीड़िता के परिवार की हर संभव मदद की जा रही है। उन्होंने बताया कि संस्था में प्रतिदिन छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ट्रैक की जाती है। जिसके बाद अभिभावकों के मोबाइल पर इसका मैसेज भेजा जाता है। आवश्यक हुआ तो सम्पर्क भी किया जाता है। छात्र- छात्राओं की सुरक्षा को लेकर विद्यालय परिवार पूरी तरह से सतर्क है उन्होंने कहा कि संस्था के प्रति ईर्ष्या रखने वाले कुछ लोगों द्वारा पीड़िता की पहचान उजागर करने के साथ संस्था को लेकर अनेक प्रकार की अभद्र और अपमान जनक टिप्पणियां सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यम से प्रसारित कर दुष्प्रचार किया जा रहा है। इसको लेकर संस्था काफी गंभीर है और जल्दी ही ऐसे लोगों के विरुद्ध न्यायालय जाकर मानहानि का दावा किया जायेगा।

### प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर संपन्न हुई खुली बैठक।



संस्कार उजाला


**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिले के विकास खण्ड क्षेत्र पिसावां के ग्राम जहाँसापुर व मोहरनिया गांव में प्रधानमंत्री आवास के पात्रता व शर्तो को समझाने के लिए खुली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जहाँसापुर प्रधान सुनीता शर्मा व मोहरनिया प्रधान मुन्नी देवी ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण प्लस की पात्रता की शर्तों के बारे में बताया। साथ ही ग्राम पंचायत सचिव ओम प्रकाश ने ग्रामीणों को पात्रता के मानक समझाए। उन्होंने बताया कि आवास विहीन परिवार,एक या दो कमरों में कच्ची दीवार या छतविहीन मकान में रहने वाले परिवार, कच्चे आवास में निवास करने वाले परिवार आवास के लिए पात्र होंगे। कच्ची छत से आशय है कि छत का निर्माण घास,प्लास्टिक, पॉलिथीन, खपरैल और कच्ची दीवार से आशय दीवार के निर्माण से है। उन्होंने कहा कि बेसहारा औरभीख मांग कर जीवन यापन करने वाले,हाथ से मैला ढोने वाले,जनजाति या जनजातीय समूह व बंधुआ मजदूरों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर राममूर्ति शर्मा, जमुना प्रसाद,प्रधान नेरी नूर हसन शाह,शिव कुमार शुक्ला,शिवराम, अवनीश कुमार,मुन्ना लाल, गुड्डू पाण्डेय,रामनाथ मिश्र, इन्द्रपाल मिश्र अवधेश बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।

# कवरेज करने गए पत्रकार से प्रधान समर्थक ने की अभद्रता।

**बीडीओ सकरन द्वारा महराजनगर गौशाला की जांच के बाद कवरेज करने गए पत्रकार से की गई अभद्रता, पीड़ित ने की शिकायत।**

संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को अपनी नोक पर रखने की धमकी के साथ प्रधान समर्थक ने पत्रकार से अभद्रता की जिसकी लिखित शिकायत पीड़ित पत्रकार ने थानाध्यक्ष सकरन से की। मामला महराजनगर की गौशाला में अप्रत्याशित रूप से काल के गाल में समाए गौवंशों व मूल सूची से कई गुना कम मौजूद कुपोषण के शिकार मृतप्राय गौवंशों की शिकायत की जांच के लिए आए नवागत खंड विकास अधिकारी की सूचना पाकर खबर के लिए आए तहसील संवाददाता संजय प्रकाश पाण्डेय निवासी महराजनगर से ग्राम प्रधान के समर्थक राकेश कुमार मिश्र पुत्र मिश्री लाल ने अभद्रतापूर्ण व्यवहार करते हुए उसके मान सम्मान को ठेस पहुंचाई।जिस विषय को लेकर पीड़ित



सेवा में
श्रीमान थानाध्यक्ष
सकरन सीतापुर
महोदय
सविनय निवेदन यह है कि हम प्रार्थी संजय प्रकाश पाण्डेय पुत्र स्व. राजेन्द्र प्रकाश पाण्डेय ग्रा. व पो. महराजनगर थाना सकरन जनपद सीतापुर का स्थायी निवासी हूँ। हम प्रार्थी ग्राम पंचायत महराजनगर स्थित गौशाला में खण्ड विकास अधिकारी के जांच की कवरेज करने गये थे, जहाँ पर पहले से मौजूद राकेश कुमार मिश्र पुत्र स्व. मिश्री लाल निवासी ग्रा. व पोस्ट महराजनगर ने मेरे साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया व कवरेज नहीं करने दिया, और कहा कि तुम्हारे जैसे पत्रकारों को जेब में रखता हूँ और देख लेने की बात कहने लगे। जिससे हम प्रार्थी की भावना को ठेस पहुंचा।
अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि उक्त व्यक्ति के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज करने की कृपा करें।
दिनांक 25/09/2024
प्रार्थी
संजय प्रकाश पाण्डेय
(तहसील संवाददाता) पत्रकार - संस्कार उजाला
ग्रा. व पो. - महराजनगर
जनपद - सीतापुर
मो. नं. - 9451256627

ने थानाध्यक्ष सकरन को लिखित शिकायत के माध्यम से अवगत कराया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा संचालित गौशाला महराज नगर में गौवंशों के चारे के साथ मृत गौवंशों के कान में लगे टैग निकाल कर नए पशुओं में लगवाने का काम यही दबंग समर्थक करता है,जबकि यह लिखित रूप में गौशाला का कोई कर्मचारी मजदूर भी नहीं है।गायों को चारे के रूप में खिलाए जा रहे सड़े भूसे का जिम्मेदार उक्त व्यक्ति ही है और जो गौशाला में क्षेत्र के पशु आते हैं उनसे प्रति पशु एक निश्चित रकम वसूलते हुए मृत गायों को ठिकाने लगाने के पूर्व ही टैग निकालने काम भी यही करता है। बताते हैं कि ऐसा विरले ही हो कि ग्राम पंचायत में किसी से भी हुये लड़ाई झगड़े में इसका नाम शामिल न हो,ग्राम प्रधान की हां हुजूरी करते हुए प्रतिदिन पांच-दस गायों की मौत का जिम्मेदार व्यक्ति, कवरेज करने के लिए गए क्षेत्रीय पत्रकारों के साथ अभद्रता करता है।तो आखिर ऐसे असामाजिक तत्व पर कार्यवाही कब होगी? जबकि समय-समय पर देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री संदेश प्रसारित करते रहते हैं पत्रकारों के साथ अभद्रता करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी लेकिन स्थानीय जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते मुख्यमंत्री के फरमान केवल और केवल दिखावटी ही साबित हो रहे हैं और आए दिन पत्रकार अभद्रता का शिकार होते रहते हैं देखना यह है कि यह सब कब तक चलेगा क्या समाज विरोधी तत्वों पर कोई कार्यवाही होगी? यह तो आने वाले समय पर निर्भर करता है।

## बाल श्रम के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 10 बाल श्रमिकों का किया सुरक्षित रेस्क्यू।




संस्कार उजाला

**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

**बहराइच** दिनांक 26.09.2024 को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला व नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), के कुशल निर्देशन में थाना जरवल रोड क्षेत्रान्तर्गत सहायक श्रम आयुक्त श्री सिद्धार्थ मोदियानी, श्रम परिवर्तन अधिकारी श्री सूरज तिवारी, प्रोबेशन टीम व एनजीओ देहात इण्डिया व प्रथमा संस्था से समन्वय बनाकर थाना प्रभारी एएचटी मय टीम दुकानों, होटलों, फैक्ट्री, मोटर मैकेनिक की दुकानों आदि में बाल श्रमिक रेस्क्यू अभियान चलाया गया अभियान के अंतर्गत 10 बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया । तथा नियोक्तओं के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गयी। सभी 10 बाल श्रमिकों के माता पिता से भविष्य मे बच्चों से श्रम न करवाने की हिदायत दी गई । थाना प्रभारी एएचटी द्वारा सभी सेवायोजको को भविष्य में बाल श्रम न कराने की हिदायत दी गई तथा थाना प्रभारी एएचटी द्वारा एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत स्कूल कॉलेज के आसपास 100 गज की परिधि व सार्वजनिक स्थान में खुले में बीड़ी सिगरेट तंबाकू पान गुटका आदि की बिक्री कर रहे दुकानदारों को खुले में बीड़ी सिगरेट तंबाकू आदि की बिक्री ना करने की हिदायत दी गई ।

### एक रात में दो घरों में चोरी। चोरों ने उड़ाई करीब 50 हजार की नकदी व डेढ़ लाख के जेवर।

➧मोतीपुर अंतर्गत शाहपुरखुर्द के बरूहा गांव मे हुई चोरी।

➧एक ही गांव के दो घरों में एक साथ हुई चोरी।

संस्कार उजाला

**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

**मिहींपुरवा बहराइच** – थाना मोतीपुर अंतर्गत शाहपुर खुर्द के बारुहा गांव में बीती रात चोरों ने दो घरों में घुसकर घरों में रखी नकदी व कीमती जेवर वो पहनने वाले वस्त्र आदि सामग्री पर हाथ साफ कर दिया। बुधवार की रात बरुहा निवासी ग्रामीण विजय कुमार पुत्र रामनिवास के घर चोर




घुस गए घर के अंदर रखी 20 हजार की नकदी व अन्य सामान लेकर घरों से निकले इसके बाद चोरों ने समीप के ही ग्रामीण धर्मेंद्र कुमार पुत्र मेघनाथ के घर में घुसे जहां चोरो ने घर में रखे तीस हजार रुपए व करीब डेढ़ लाख के कीमती जेवर चुरा लिया जब धर्मेंद्र के घर से बाहर निकलने लगे तब तक धर्मेंद्र की आंख खुल गई चोरों को घर में घुसा देख धर्मेंद्र ने शोर मचाना शुरू किया। चोर शोर शराबा सुन कर वहां से बक्सा लेकर खेतों में भाग गये चोरों के पीछे परिजन भी दौड़े। ग्रामीणों को अपने पीछे आता देख कर खेत में ही बक्सा छोड़ उसमें रखा सामान लेकर फरार हो लिए। उक्त घटना की जानकारी ग्रामीणों की ओर से थाना मोतीपुर पुलिस को दी गई है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर वैधानिक कार्रवाई शुरू की।

### कोटेदार से नाराज ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन ।

संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिले की तहसील लहरपुर मुख्यालय पर स्थित कोतवाली लहरपुर क्षेत्र के ग्राम मुसियाना में खुली बैठक में फर्जी तरीके से कोटेदार का चयन होने पर नाराज भारी संख्या में ग्रामीणों नेतहसील पहुँच कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दिवस लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुसियाना में खुली बैठक के माध्यम से नए उचित दर विक्रेता का चयन होना था, समस्त ग्राम पंचायत के कार्ड धारक व जनता मौजूद थी। बताते हैं कि संजय कुमार,कन्हैया लाल व अतउल मुस्तफा के मध्य उचित दर विक्रेता का चयन होना था। ग्रामीणों का आरोप है कि सांठ-गांठ कर फर्जी प्रस्ताव कन्हैया लाल के पक्ष में कराया गया। कन्हैयालाल के चयन की घोषणा होते ही ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया और भारी संख्या में







ग्रामीण,महिलाएं व कार्ड धारक तहसील पहुंचे और उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए उप जिला अधिकारी को सम्बोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपते हुए मांग की कि कोटे का चयन निरस्त करके फिर से सक्षम अधिकारियों के मध्य खुली बैठक कराकर चुनाव कराया जाए। इस मौके पर संजय कुमार संतोष कुमार,झब्बू लाल, श्याम सुंदर,अजय,राम सागर,रामरतन,जीतू,राजेंद्र सुरेश,कपिल कुमार,राज पाल,देशराज,वीरेन्द्र मिश्र, शिव शंकर,रामनरेश,सरोज लवकुश,विकास,रामबाबू, राम किशोर,राजाराम,अरुण कुमार,सोबरन,अंकित,अशोक,धनीराम,राज बहादुर, अजीत कुमार, शिवानी, गीता,रिंकी,रानी सहित भारी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद जिला इकाई कटनी मध्य प्रदेश की बैठक हुई संपन्न संगठन के बिस्तर पर हुई चर्चा जिला कमेटी का हुआ गठन

संस्कार उजाला

**संवाददाता कटनी एम.पी**

कटनी मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला इकाई की बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता मध्य प्रदेश संयोजक श्री पाराशर जी ने की जिला अध्यक्ष श्याम लाल सूर्यवंशी ने कहा पत्रकारों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता है पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जिला अध्यक्ष ने जिला कमेटी की घोषणा करते हुए देवेंद्र सिंह को जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार को




महासचिव नवल किशोर को जिला सचिव मनमोहन नायक को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया वन स्वरूप चौधरी को जिला प्रवक्ता अजय उपाध्याय को संगठन मंत्री वीरेंद्र खंपारिया प्रदीप श्रीवास्तव वीरेंद्र मिश्रा शैलेंद्र तिवारी संतोष जेठवानी जगदंबा पाठक राजेश कुमार जैन को मनोनीत किया गया और जिला इकाई की सूची जिलाधिकारी जिला सूचना अधिकारी एवम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई जिला अध्यक्ष श्याम लाल सूर्यवंशी ने कहा कि पत्रकार अपनी कलम के माध्यम से सच्चाई को लिखना है कोई भी अगर कलम को दबाने का प्रयास करेगा तो हमारा संगठन राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद उसके विरोध में आवाज उठाएगा

# प्रोजेक्ट अलंकार की समीक्षा के लिए डीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

संस्कार उजाला

**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

**बहराइच** माध्यमिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित प्रोजेक्ट अलंकार योजना की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया कि संस्था के अंश हेतु जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्र के गणमान्य व प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भी सहयोग लेकर 30 सितम्बर तक प्रस्ताव उपलब्ध करा दिये जाये ताकि निर्धारित समय में शासन को प्रस्ताव भेज दिया जाय। डीएम ने निर्देश दिया जिन शिक्षण संस्थाओं को बजट प्राप्त हो जाय वे तत्काल कार्य प्रारम्भ करा दें।



डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार पूर्ण कराये जाने हेतु व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर शिक्षण संस्थाओं, कार्यदायी संस्थाओं, उप समिति के सदस्यों व सम्बन्धित अधिकारियों को जोड़ ले ताकि डे-बाई-डे कार्य की समीक्षा भी होती रहे। डीएम ने निर्देश दिया कि ऐसे शासकीय विद्यालय जहां पर किन्ही कारणों से कार्य प्रभावित हो रहा है ऐसे विद्यालयों में योजनान्तर्गत गठित उप समिति के सदस्यों से भ्रमण करा कर आ रही बाधा को दूर कराया जाय। इस अवसर तारा गर्ल्स इण्टर कालेज की प्रबन्धक एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, महाराज सिंह इण्टर कालेज के प्रबन्धक श्यामकरन टेकड़ीवाल, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार, सिडको के घनश्याम बिरला सहित अन्य अधिकारी व सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### महिला थाना की मिशन शक्ति टीम द्वारा कृष्णा मेमोरियल एक जे०पी० शर्मा इण्टर कॉलेज में शक्ति संवादका आयोजन



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

मुख्यमंत्री उ०प्र० शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में नोडल अधिकारी/क्षेत्राधिकारी मिशन शक्ति अंबुजा त्रिवेदी के नेतृत्व में जनपद बांदा में सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में गुरुवार 26 सितंबर 2024 को महिला थाना व थाना बबेरु की मिशन शक्ति टीम द्वारा ह्लशक्ति संवादह्ल का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष महिला थाना अनुपमा तिवारी द्वारा साइबर क्राइम टीम के साथ कृष्णा मेमोरियल इण्टर कॉलेज बांदा में जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान बालिकाओं को महिला अपराधों के साथ-साथ मुख्य रुप से साइबर अपराध के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि वर्तमान में साइबर अपराध के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं ऐसे में इन अपराधों के तरीकों के बारे में जागरुकता एवं बचाव सबसे महत्वपूर्ण है। बालिकाओं को बताया गया कि सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें साथ ही किसी अनजान वीडियो कॉल के न रिसीव करें। सोशल मीडिया एकाउंट्स पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन अवश्य ऑन रखें। साथ ही बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई। थाना बबेरु की मिशन शक्ति टीम द्वारा जे०पी० शर्मा इण्टर कॉलेज में शक्ति संवाद का आयोजन कर छात्राओं को विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई।

### गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत में 422वाँ युगऋषि वाङ्मय की स्थापना

ऋषि साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है। .........उमानंद शर्मा गायत्री



संस्कार उजाला

ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत आर्यकुल कालेज ऑफ एजुकेशन, गौरी बिजनौर रोड़, लखनऊ के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 422वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्ता श्री सुधीर कुमार शुक्ला (पूर्व महाप्रबन्धक राजकीय निर्माण निगम उ.प्र.) एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि शुक्ला ने अपने पूज्य पिताजी स्व0 पारस नाथ शुक्ला, की स्मृति में भेंट किया तथा सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, छात्र-छात्राओं को हिन्दी अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ह्यह्यऋषि साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है। श्रीमती ऊषा सिंह तथा उ.प्र. प्रबन्ध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये एवं आर्य टी.वी. मीडिया के हेड डॉ. अजय शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, श्रीमती ऊषा सिंह, इं. सुधीर कुमार शुक्ला, श्रीमती रश्मि शुक्ला एवं संस्थान के प्रबन्ध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह, उपनिदेशक फामेर्सी डॉ. आदित्य सिंह, आर्य टी.वी. के हेड डॉ. अजय शुक्ला, उपनिदेशक (शिक्षा) डॉ. अंकिता अग्रवाल, रजिस्ट्रार श्री सुरेश तिवारी सहित विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थीं।

### 209 व्यक्तियों के बैंक खातों में भेजी गई रू. 42.61 लाख की सहायता राशि

संस्कार उजाला
डॉ0सै0अब्दुल खबीर

**बहराइच** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि विभिन्न आपदाओं अन्तर्गत जिले के 209 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 42 लाख 60 हजार 984 की धनराशि सम्बन्धित के बैंक खातों में 25 सितम्बर 2024 को हस्तान्तरित की गई है। तहसील नानपारा अन्तर्गत बाढ़ से क्षतिग्रस्त फसलों/कटान प्रभावित क्षेत्रफल के सापेक्ष 16 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 01 लाख 17 हजार 290, महसी अन्तर्गत बाढ़ से क्षतिग्रस्त फसलों/कटान प्रभावित क्षेत्रफल के सापेक्ष 43 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 02 लाख 73 हजार 870, मिहींपुरवा अन्तर्गत बाढ़ से क्षतिग्रस्त फसलों/कटान प्रभावित क्षेत्रफल के सापेक्ष 122 व्यक्तियों के बैंक खातों में कृषि निवेश अनुदान के रूप में रू. 11 लाख 82 हजार 324 तथा तहसील नानपारा अन्तर्गत 26 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहैतुक सहायता/गृह अनुदान सहायता/पशु सहायता के रूप में रू. 26 लाख 79 हजार 500 तथा तहसील सदर अन्तर्गत 02 व्यक्तियों के बैंक खातों में गृह अनुदान सहायता के रूप रू. 08 हजार इस प्रकार कुल 209 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 42 लाख 60 हजार 984 की धनराशि हस्तान्तरित की गई है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा



**बांदा** जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुष्मान भव: योजना के अन्तर्गत आयुष्मान गोल्डन कार्ड को तेज गति से बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि टीकाकरण के कार्य को पूर्ण करायें तथा अवशेष बच्चों को चिन्हाकिंत करते हुए शत-प्रतिशत रूप से टीकाकरण कराया जाए। उन्होंने आकांक्षी विकास खण्डों सहित अन्य विकास खण्डों में गर्भवती महिलाओं की सभी एएलसी की जांच नियमित रूप से कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने नये निर्माण किये गये तीन हेल्थवेलनेश सेन्टरों में विद्युत कनेक्शन कराये जाने के सम्बन्ध में विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नये उप केन्द्रों को खोले जाने हेतु कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने नये आशाओं की चयन प्रक्रिया को माह अक्टूबर तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत पुरूष एवं महिला नसबन्दी कार्यो की समीक्षा करते हुए नसबन्दी के कार्य में प्रगति लाने तथा कमासिन में प्रगति कम पाये जाने पर एमओआईसी को प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंन जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने तथा योजना के पात्र लाभार्थियों को समय से भुगतान कराये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की पीपी मोड पर नि:शुल्क अल्ट्रासाउण्ड कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों एवं डीसीपीएम को निर्देश दिये कि वह नियमित रूप से आशाओं के कार्यों का पर्यवेक्षण करते हुए टीकाकरण व गर्भवती महिलाओं की जांच तथा नसबन्दी से सम्बन्धित कार्यो को पूर्ण करायें तथा जो आशायें कार्य नही कर रही हैं, उनके विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाए। उन्होंने ई-कवच पोर्टल पर आभाआईडी बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आरबीएसके टीमों द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण किये जाने के सम्बन्ध में आंगनबाडी केन्द्रों के बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना की समीक्षा करते हुए चिकित्सा अधिकारियों को इन योजनाओं में विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डब्लू एच० ओ० की वर्षा, सहित पीडीडीआरडीए एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा



जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मार्गवार हुई दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए सड़क मार्ग में होने वाली दुर्घटनाओं की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही दुर्घटनाओं के कारणों को संकलित किये जाने तथा ओवरलोड वाहनों पर नियंत्रण हेतु परिवहन विभाग द्वारा प्रवर्तन की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध कडी कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को बॉदा तिन्दवारी फतेहपुर मार्ग में महोखर व तिन्दवारी में सड़क पर बडे गड्ढे होने पर सड़क की तत्काल मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने राजकीय दृष्टिबाधित विद्यालय के सामने बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए स्पीड ब्रेकर बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने रोड सेफ्टी कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालयों, इण्टर कॉलेजों तथा प्राइमरी विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किये जाने हेतु सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दिये जाने एवं सड़क सुरक्षा शपथ दिलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग में शहर एवं शहर के बाहर बिना हेलमेट का उपयोग कर वाहन चालाने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर चेकिंग कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ई रिक्शा संचालन में जाम को दृष्टिगत रखते हुए रूट तय करने तथा उनकी चेकिंग भी किये जाने के निर्देश दिये। कचेहरी चैराहे से बस स्टैण्ड की ओर लगने वाले जाम व जनपद के प्रमुख मार्गो पर चलने वाली प्राइवेट बसों में छत पर बैठकर यात्रा करने पर कडी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने भारी वाहनों को प्रतिबन्धित समय में शहर में प्रवेश करने की चेकिंग कराये जाने के भी निर्देश देते हुए इसका कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने शहर के सभी प्र्रमुख चैराहों पर ट्रैफिक, कामिंग मेजर्स जंक्शन के रूप में चिन्हित करते हुए ट्रैफिक की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने ओवर स्पीड एवं बिना हेलमेट के वाहनों का संचालन करने, रांग साइड संचालन, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन संचालन करने वालों तथा बिन फिटनेस वाहनों का संचालन के विरूद्ध कडी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि०/रा० राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-2, एआरटीओ शंकर लाल सहित पुलिस, परिवहन, एनएचआई तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनों पर चालान की कार्यवाही



➔चेकिंग के दौरान स्कूली बस को किया सीज

➔चार स्कूली वाहनों पर चालान की हुई कार्यवाही

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

**बांदा** में स्कूल बसों के विरुद्ध चलाई जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को एआरटीओ प्रशासन शंकर जी सिंह एवं पीटीओ राम सुमेर यादव ने बांदा शहर के अतर्रा चुंगी में स्कूल बसों को चेक किया। चेकिंग के दौरान चार वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई, वहीं एक स्कूल बस को जिसका परमिट नहीं था उसको मंडी समिति चौकी कालुकुंआ में सीज कर दिया गया। एआरटीओ प्रशासन शंकर जी सिंह एवं पीटीओ राम सुमेर यादव ने अवगत कराया कि यह अभियान 30 सितंबर 2024 तक अनाब्रत चलता रहेगा। अगर इस प्रकार के वाहन पाए जाते हैं जिनके परमिट नहीं है और वाहनों में फिटनेस संबंधी कमियां है तो ऐसे स्कूली वाहनों एवं अन्य वाहनों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कृपया अपने वाहनों को जरूरी दस्तावेजों के साथ प्रयोग करें अन्यथा पकड़े जाने पर चालान के साथ-साथ वाहनों सीज किया जायेगा।

## बाबा साहेब अंबेडकर को गाली गलौज करने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक से की गई मांग

बाबा साहेब अंबेडकर पर आपत्तिजनक शब्द बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे

देशद्रोह का मुकदमा लिखने और कार्यवाही की मांग

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा



**बांदा** में गुरुवार 26 सितंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लोगों ने जोरदार प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग की गई। उपस्थित लोगों ने कहा कि हम बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान हरगिज बर्दाश्त नहीं कर सकते। उपस्थित लोगों ने बताया कि बांदा के कमासिन में कमल द्विवेदी नामक व्यक्ति द्वारा बाबा साहेब आंबेडकर को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है एवं उनको गाली गलौज की गई है लेकिन पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अगर बाबा साहेब को गाली देने वाले को गिरफ्तार कर देशद्रोह का मुकदमा लगाकर जेल नही भेजा जाएगा तो एक सप्ताह के अंदर बांदा जाम कर दिया जाएगा। अक्रोशित लोगों ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान से पूरा भारत देश चलता है और पार्टियां , न्यायपालिका , कार्यपालिका सहित सब कोई उनका सम्मान करता है एवम संविधान के अनुरूप कार्य करता है। आक्रोशित लोगों ने कहा कि बाबा साहेब डॉ० आंबेडकर के विषय में हम ये सब बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं आज पूरा बांदा इससे आक्रोशित है और संबंधित पर जल्द से जल्द कार्यवाही होनी चाहिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक से उक्त व्यक्ति पर कार्यवाही को लेकर ज्ञापन सौंपकर विधिक कार्यवाही की मांग की गई।

# सास की हत्या करने वाली बहू को बदौसा पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर किया गिरफ्तार

सास-बहू की मामूली नोंक-झोंक को लेकर बहू ने की थी अपनी सास की हत्या

►हँसिया व चकरी से हमला कर दिया था घटना को अंजाम

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा



पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज व क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार यादव के निकट पर्यवेक्षण में थाना बदौसा पुलिस द्वारा गुरुवार 26 सितंबर 2024 को सास की हत्या करने वाली बहू को 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि कल दिनांक 25 सितंबर 2024 को थाना बदौसा क्षेत्र के ग्राम शाहपुर सानी में सास-बहू की आपसी नोंक-झोंक को लेकर बहू गुड़िया उर्फ सरोजा द्वारा अपनी सास गोमती की हँसिया व चकरी से हमला कर हत्या कर दी थी। इस सम्बन्ध में मृतका के पति ओमकार की तहरीर पर थाना बदौसा पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्ता द्वारा पूछताछ में बताया कि उसमें व उसकी सास से आये दिन झगड़ा व नोंक-झोंक होती थी, दिनांक 25.09.2024 को भी दोनों की आपस में कहासुनी हुई थी जिससे वह काफी गुस्सा हो गई थी, इस दौरान उसके पति व ससुर बाहर गये थे तभी उसने पहले हँसिया से सास के चेहरा पर वार किया जिससे वह घायल होकर गिर पड़ी तब उसने चकरी के पाट से सिर पर हमला कर दिया जिससे सास की मृत्यु हो गयी। गिरफ्तार महिला की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त हँसिया व चकरी का पाट बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम गुड़िया उर्फ सरोजा पत्नी रोहित यादव निवासी शाहपुर सानी थाना बदौसा जनपद बांदा पता चला।

## टी०डी०/ डी०पी०टी० के स्कूल आधारित टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारम्भ

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा



**बांदा** में गुरुवार को टी०डी०/ डी०पी०टी० के स्कूल आधारित टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ एच०एल० इण्टर कालेज शांतीनगर बांदा में नगेन्द्र प्रताप जिलाधिकारी बांदा के निर्देशन में डा० अनिल कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बांदा द्वारा किया गया। यह अभियान दिनांक- 26, 27 एवं 30 सितम्बर एवं 01, 04 एवं 07 अक्टूबर 2024 को चलाया जाना है। इस अभियान के दौरान जनपद के सभी राजकीय एवं निजी स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा 1 के बच्चों को डी०पी०टी०-2 बूस्टर से छूटे, कक्षा 5 व कक्षा 10 के बच्चों को टी०डी० टीकाकरण छूटे बच्चों का टीकाकरण स्कूलों में किया जाना है। जानकारी मिली कि गुरुवार को 292 स्कूलों में प्लान कर टीकाकरण किया जा रहा है। बच्चों को डी०पी०टी०/टी०डी० वैक्सीन के माध्यम से कालीखांसी, गलघोंट व टिटनेस बीमारी से बचाव हेतु यह टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर डा० अजय कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बांदा, डा० आर०एन० प्रसाद अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बांदा, डा० विजय शंकर केसरवानी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी बांदा, डा० वर्षा नायर एस०एम०ओ० डब्लू०एच०ओ० बांदा, अवंतिका तिवारी डी०एम०सी० यूनीसेफ बांदा, डा० ऋतुम्बरा गौतम प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अर्बन हेल्थ पोस्ट आजाद नगर बांदा, राधा शर्मा ए०आर० ओ० (आर०आई०), रोहित सिंह वी०सी०सी०एम० यू०एन०डी०पी० बांदा, रामस्वरूप साहू प्रधानाचार्य एच०एल० इण्टर कालेज शांतीनगर, बांदा एवं स्कूल के अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे।

# पता नही कब खत्म होगा गौवंश के साथ घटनाओं का क्रम

दर - दर की ठोकरें खा रहे अन्ना गौवंश ,फिर एक दुर्घटना में घायल हुआ अन्ना गौवंश

संस्कार उजाला



**बांदा** में एक मामला नगर पंचायत नरैनी का सामने आया कि रात में किसी अज्ञात वाहन द्वारा एक गौ वंश को बुरी तरह ठोकर मारी जिससे वह घायल हो गया। इसकी जानकारी नरैनी के गौ रक्षा समिति तहसील अध्यक्ष सोनू करवरिया को सुबह 6:00 बजे प्राप्त हुई। वह मौके पर पहुंचकर पशु चिकित्सक द्वारा उसका समुचित इलाज कराया गया। नगर पंचायत नरैनी में इन अन्ना गौवंश का दुर्घटना होना और मृत होना कोई नई बात नहीं है, इस समय नगर पंचायत नरैनी दुर्घटनाओं के लिए सुर्खियों पर है जहां पर लगातार काफी दिनों से गौवंश यहां पर घायल हो रहे हैं और मृत भी हो रहे हैं लेकिन यहां पर जिम्मेदार अधिकारी किसी प्रकार का कोई कार्रवाई नहीं कर रहें है। कस्बे में अन्ना गौ वंश रोड़ों में विचरण करने के कारण सड़क हादसों को दावत दे रहे हैं। जबकि सरकारी आंकड़ों की माने तो लगभग अधिकांश गौ वंश गौशाला में बंद हैं लेकिन सैकड़ो की तादाद पर आज भी गौवंश सड़कों पर विचरण करता हुआ दिखाई दे रहा है जो सरकारी दावों की पोल खोल रहा है। आपको बताता चले की गोवंश सुरक्षा और सुविधा के नाम पर सरकार प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है ताकि गौ वंशों को समुचित व्यवस्था कराई जा सके लेकिन गौवंश की दुर्दशा इस पैसे की लूट को हकीकत को बयां करता है। सैकड़ो गौवंश गली, मोहल्लों, सड़कों पर खाने पीने के लिए घूमते दिखाई देते हैं यह गौवंश कस्बे के अंदर गली और मेन रोड पर घूमते हुए आपको दिखाई देते रहते हैं। तमाम मुख्य मार्ग पर बैठे रहते हैं जो हादसों का शिकार बनते रहते हैं। अधिकांश यहां से तेज रफ्तार से निकलने वाले भारी वाहनों के द्वारा गौवंश इनकी चपेट में आ जाते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। इन भारी वाहनों की चपेट में आने से आए दिन गौवंश मौत के मुंह में समा जाते हैं। कई बार तो तेज रफ्तार वाहन अचानक इन अन्ना गौ वंश के सड़क पर आने से दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं और दर्जनों की जिंदगी और मौत से भी जूझना पड़ता है लेकिन कस्बा की गौशाला में बंद गौवंश की संख्या कागजों में कई सैकड़ा लिखा रहती है लेकिन इनमें प्रति माह होने वाले खर्च का बिल भी लंबा चौड़ा रहता है परंतु सड़कों पर विचरण करते सैकड़ो गौवंश गौशाला की वास्तविकता को बताने के लिए काफी है।

## आपरेशन कन्विक्शन के तहत 04 मामलों में कुल 06 अभियुक्त कारावास व 17600/ रुपये के जुमार्ने से दण्डित

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान आपरेशन कन्विक्शन के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में 04 मामलों में कुल 06 अभियुक्तों को कारावास व 17600/ रुपये के जुमार्ने से दण्डित कराया गया। थाना पैलानी पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0-143/22 व 100/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अभियुक्त शिव सिंह पुत्र रामआसरे निवासी अमलोर थाना पैलानी जनपद बांदा को 01 वर्ष 05 माह के कारावास कुल 6000/ रुपये के जुमार्ने से दण्डित कराया गया। थाना पैलानी पर पंजीकृत एनसीआर-120/20 धारा 323/504 भादवि के 04 अभियुक्तों 1- अजय पाल, 2-छत्रपाल, 3- चन्दू पुत्रगण भोला यादव व 4- शिवमोहन पुत्र चन्दू यादव निवासीगण कुकुवाखास थाना पैलानी जनपद बांदा को कुल 1600/ रुपये के जुमार्ने से दण्डित कराया गया। थाना बबेरु पर पंजीकृत अभियोग 323/09 धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधि0 के अभियुक्त मुन्नु लाल उर्फ मुन्नालाल पुत्र जागेश्वर निवासी बड़ागांव थाना बिसण्डा जनपद बांदा को कुल 10000/ रुपये के जुमार्ने से दण्डित कराया गया।

# हरियाणा रैली: राहुल गांधी बोले- पीएम मोदी ने व्यवस्थित रूप से रोजगार व्यवस्था को किया खत्म



**करनाल ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश में रोजगार व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से खत्म कर दिया है। ये बातें उन्होंने करनाल के असंध में एक चुनावी रैली के दौरान कहीं।

राहुल गांधी ने विश्वास जताया कि कांग्रेस पार्टी हरियाणा विधानसभा चुनाव में पांच अक्टूबर को भारी जीत हासिल करेगी। इस रैली में कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान सहित कई नेता उपस्थित थे।

गांधी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने हरियाणा को 'बर्बाद' कर दिया है। उन्होंने अपनी हालिया अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने हरियाणा के कुछ प्रवासियों से बात की, जो बेहतर भविष्य की तलाश में वहां गए हैं क्योंकि उनके अपने राज्य में रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे हैं।

कांग्रेस के चुनावी वादों का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने पर महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपये और रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में देने का वादा करती है। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा में दो लाख खाली पद भरे जाएंगे और कांग्रेस न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के लिए कानूनी गारंटी देने का वादा करती है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान पांच अक्टूबर को होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को की जाएगी।

## उकलाना, साहू, श्यामसुख, किरोड़ी, बधावड़, खरक पूनिया, मतलौडा में सैंकड़ों परिवारों ने कांग्रेस का हाथ थामा



संस्कार उजाला

**हरियाणा/हिसार (गरिमा)**

हल्के की जनता ने मुझे इतना प्यार, स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद दिया है उसके लिए मैं हमेशा आभारी रहूँगा। समय आने पर जनता के इस कर्ज को उतारने का प्रयास करूंगा। यह बात उकलाना हल्के से कांग्रेस प्रत्याशी नरेश सेलवाल ने आज अपने जनसम्पर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कही। नरेश सेलवाल आज उकलाना गांव, साहू, श्यामसुख, किरोड़ी, बधावड़, खरक पूनिया, मतलौडा में पहुंचे और भाजपा को बड़ा झटका देते हुए समाज की 36 बिरादरियों के सैंकड़ों परिवारों को कांग्रेस में शामिल किया। नरेश सेलवाल ने कहा कि आज जो परिवार भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए हैं उन सभी का कांग्रेस परिवार में स्वागत है और सभी को कांग्रेस में पूरा मान सम्मान मिलेगा। नरेश सेलवाल ने कहा कि प्रत्येक गांव में छत्तीस बिरादरी के लोगों का उन्हें भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। जो दिखा रहा है कि जनता बदलाव चाहती है और कांग्रेस पार्टी में अपने हित देख रही है। भाजपा ने 10 सालों में जनता के ऊपर अत्याचार किया है और जनता का शोषण करने का काम किया है। जनता अब भाजपा को छोड़कर कांग्रेस के साथ खड़ी हुई है। कांग्रेस पार्टी गरीब किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी, महिलाओं, युवाओं सहित सभी वर्गों के हितों को लेकर आगे बढ़ती है और हर वर्ग के साथ हमेशा पार्टी खड़ी रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, महिलाओं, कर्मचारियों, बेरोजगार युवाओं सहित सभी पर लाठी डंडे बरसाए गए और एक लोकतांत्रिक आवाज दबाने का प्रयास किया गया। अब जनता इसका बदला चुनाव में लेने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बहुमत के साथ कांग्रेस सरकार बनने जा रही है और सरकार बनाने में उकलाना हलके की बहुत बड़ी भूमिका रहने वाली है। उन्होंने कहा कि भाजपा से दुखी होकर उकलाना हल्के की जनता ने खुद कांग्रेस के चुनाव की कमान संभाली है और हालत यह बन गए हैं कि दूसरे दलों के प्रत्याशियों को अपनी जमानत बचाने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। लेकिन जनता ने उनकी जमानत जब्त करवाने की ठान ली है। उन्होंने कहा कि उकलाना हलके में कांग्रेस रिकार्ड मतों से जीतने जा रही है। उसका पूरा श्रेय उकलाना हलके की 36 बिरादरी के लोगों को जाता है। नरेश सेलवाल ने उकलाना हल्के की जनता से अपील करते हुए कहा कि 26 सितंबर को बरवाला की कपास मंडी में कांग्रेस पार्टी बड़ी चुनावी जनसभा आयोजित कर रही है। जिसमें कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, सांसद जयप्रकाश सहित कांग्रेस के कई बड़े नेता पहुंचेंगे और जनता को संबोधित करेंगे। इसलिए आप सभी ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस रैली में पहुंचे और रैली को ऐतिहासिक बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

## आम आदमी पार्टी विकास का दूसरा नाम है : प्रो छत्रपाल सिंह



संस्कार उजाला

**हरियाणा/हिसार (गरिमा) :** अगर आप भी चाहते हैं कि आपकी बिजली फ्री हो जाए, यदि आप भी चाहते हैं कि आपके बच्चे को सरकारी स्कूल में प्राइवेट स्कूल से बेहतर शिक्षा मिले, यदि आप भी चाहते हैं कि आपके क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हो, तो इस बार आपको आम आदमी पार्टी को चुनना होगा।ये बात कही बरवाला हल्के से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार प्रो छत्रपाल सिंह ने। चुनाव प्रचार के तहत बुधवार को प्रो साहब ने गांव पंघाल, राजली, बुगाना, ढाणी गारण और धिक्ताना गांव व मिल गेट में जनसभाएं की। जनसभाओं में प्रो साहब को भरपूर समर्थन और सम्मान मिल रहा है। कहीं लड्डुओं से तोला गया तो कहीं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। आम आदमी पार्टी के राजनीति एजेंडे की बात करते हुए प्रो साहब ने कहा कि बिजली, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य के साथ साथ हर महिला को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए 1000 सम्मान राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सिर्फ नाम से ही नही अपने काम से भी आम आदमियों के लिए ही बनाई गई है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि जिस तरह दिल्ली और पंजाब की जनता ने आम आदमी पार्टी में अपना विश्वास दिखाया उसी तरह आप भी एक बार आम आदमी पार्टी को मौका दो। आपकी हर समस्या को पूरे सम्मान के साथ सुना जाएगा और उसका समाधान भी किया जाएगा।अलग अलग कार्यक्रमों में बिल्लू राम मिस्त्री, प्यारे लाल प्रजापत, रामनिवास ठेकेदार ढाणीगारण, सोनू सरपंच, केदार नंबरदार, राममेहरा, बलवंत, कृष्ण, सतबीर, राम सिंह, धीरा, कुलबीर, दुष्यंत, रामनिवास ठेकेदार, इंद्रसेन, चंद्रभान हलवाई, प्रताप, आजाद, मोमन राम, मदन कुमार, राजू ठेकेदार, दलीप कोच, अजीत, मूलचंद, जगदीश आदि विशेष तौर पर उपस्थित रहे।एक तरफ जहां प्रो साहब जन सभाओं को संबोधित कर रहे हैं वही दूसरी तरफ परिवार में डोर टू डोर जन संपर्क अभियान की कमान संभाल रखी है। प्रो साहब के छोटे भाई रविंद्र कुंडू जी, प्रो साहब की धर्म पत्नी गुरजिंदर कौर जी और भाई जीएम कृष्ण कुमार कुंडू की धर्मपत्नी सुनीता कुंडू और टीम के अन्य सदस्यों ने बरवाला शहर के वार्ड नंबर 6, 7 और 12 के साथ साथ लक्ष्मी विहार एरिया में अपनों के बीच जाकर सभी से एकजुट होकर आम आदमी पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया।

## NADA ने जारी किया विनेश फोगाट को नोटिस, 14 दिन के अंदर मांगा जवाब, जानें क्या है पूरा मामला

**चंडीगढ़ ।** विनेश फोगाट इस समय अपने साथी रेसलर बजरंग पुनिया के साथ जुलाना क्षेत्र के चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। वे इसी महीने उनके साथी पहलवान बजरंग पूनिया हाल में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुईं और वे जुलाना विधानसभा से आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ रही हैं। वहीं नेशनल डोपिंग रोधी एजेंसी (नाड़ा) ने रेसलर विनेश फोगाट को रहने के स्थल की सही जानकारी नहीं देने के कारण नोटिस भेजा है। नाडा ने विनेश से 14 दिन के अंदर जवाब मांगा है। एजेंसी ने नोटिस में विनेश को बताया कि उन्होंने अपने रहने के स्थल की जानकारी नहीं बताने की गलती की है, क्योंकि वह नौ सितंबर को सोनीपत के खरखौदा गांव में अपने घर पर डोप जांच के लिए उपलब्ध नहीं थीं।

नाडा के नोटिस में कहा गया है कि 'आपको एंटी डोपिंग नियमों के तहत रहने के स्थल की जानकारी संबंधित जरूरतों का पालन करने में स्पष्ट विफलता के बारे में सूचित करने के लिए नोटिस दिया जाता है और मामले पर आखिरी फैसले से पहले जवाब मांगा जाता है। एक डोप कंट्रोल अधिकारी (डीसीओ) को आपकी जांच के लिए उस समय उस दिन उस स्थल पर भेजा गया था, लेकिन वे ऐसा करने में असमर्थ रहा, क्योंकि आप उस जगह पर मौजूद नहीं थीं।'

नाडा के रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल (RTP) में शामिल सभी खिलाड़ियों को डोप टेस्ट के लिए अपनी उपलब्धता की जानकारी देना जरूरी है। खिलाड़ी ने जिस स्थान की जानकारी दी है। अगर वह उस स्थान पर उपलब्ध नहीं होता, तो इसे ठिकाने की जानकारी देने की विफलता माना जाता है। अगर कोई खिलाड़ी 12 महीने में तीन बार स्थल की जानकारी संबंधित नियमों का उल्लंघन करता है, तो ही नाडा एथलीट को आरोपित कर सकता



है। विनेश को या तो इस उल्लंघन को स्वीकार करना होगा या सबूत देना होगा कि वे उस स्थान पर लगभग 60 मिनट तक मौजूद थी। विनेश कह सकती हैं कि ठहरने की जगह संबंधित विफलता डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन नहीं है।

## एक अक्टूबर को फरीदाबाद की धरती से विपक्ष पर बरसेंगे पीएम मोदी



**बल्लभगढ़ ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशियों के प्रचार में अक्टूबर को एक रैली को संबोधित करेंगे। गौर रहे कि पीएम लोकसभा चुनाव में भी दौरे पर नहीं आए थे। भाजपा के पहले भी फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से सात विधायक थे और एक निर्दलीय का समर्थन प्राप्त था। इसलिए भाजपा अपनी राजनीतिक भूमि को किसी भी कीमत पर खोना नहीं चाहती।

इस रैली के आयोजन को लेकर व्यवस्था संयोजक एवं मुख्यमंत्री के निवर्तमान राजनीतिक सचिव अजय गौड़ ने पलवल के उपायुक्त डा. हरीश कुमार, पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन के साथ पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव गदपुरी टोल प्लाजा के पास पड़े खाली मैदान का जायजा लिया।

इस स्थल पर दो वर्ष पहले पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की रैली का आयोजन किया था। रैली से भाजपा उम्मीदवारों को विधानसभा चुनाव प्रचार में सहायक साबित हो सकती है। पीएम की रैली से भाजपा के प्रत्याशियों को सबसे ज्यादा लाभ हो सकता है।

## अनिल विज ने खोला राज, बताया हरियाणा में क्यों जरूरी है बीजेपी की सरकार बनाना

**चंडीगढ़।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव का प्रचार इन दिनों पूरे ऊफान पर है। राजनेताओं की ओर से जहां अपने-अपने दल की सरकार बनने का दावा किया जा रहा है। वहीं, दूसरे दलों के नेताओं को जमकर आड़े हाथों भी लिया जा रहा है। इसी कड़ी में हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री और अंबाला कैंट से बीजेपी के उम्मीदवार अनिल विज ने एक बार फिर से कांग्रेस के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर जमकर हमला बोला है। विज ने इस बात का भी खुलासा किया कि हरियाणा में एक बार फिर से क्यों बीजेपी की सरकार बनना जरुरी है ?

हरियाणा में बीजेपी के खिलाफ एंटी इनकमबेंसी के सवाल पर अनिल विज ने कहा कि एंटी इनकमबेंसी तो कांग्रेस की है। 10 साल पहले भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल में हरियाणा में जो कुशासन, जो लूट, गुंडागर्दी और बदमाशी हुई, जिस प्रकार से नौकरियां बेची गई। आज भी उनके कई उम्मीदवार उसे सही ठहरा रहे हैं। हुड्डा के शासन में तबादलों की मंडी लगती थी। जमीन अधिग्रहण की धारा 4 और 6 का डर दिखाकर किसानों की जमीन औने-पौने दाम पर बिल्डर माफिया को दिलाई गई। उसे लोग आज तक भूले नहीं है। आज भी हरियाणा का किसान भूपेंद्र हुड्डा की फोटो देखकर छुप जाता है।

### 'राहुल गांधी हमारे लिए बहुत शुभ'

हरियाणा के चुनाव प्रचार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की रैलियों को लेकर अनिल विज ने कहा कि राहुल गांधी जहां-जहां जाते हैं, वहां से भारतीय जनता पार्टी विजयी होती है। वह तो हमारे लिए बहुत शुभ है।

### 'इसलिए बनेगी बीजेपी सरकार'

अनिल विज ने कहा कि हरियाणा में दहशतगर्दी, भ्रष्टाचार, लूट, किसानों की जमीन बचाने के लिए और कांग्रेस को सत्ता से दूर रखने के लिए जनता बीजेपी को वोट देकर सरकार बनाएगी।

### 'कांग्रेस का बहुमत आने वाला नहीं'

कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए चेहरा घोषित नहीं किए जाने पर विज ने कहा कि कांग्रेस भी दिल से इस बात को जानती है कि उनका बहुमत आने वाला नहीं है। वह वैसे ही एक और मुसीबत लेकर नहीं बैठना चाहती। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में सरकार बीजेपी की ही बनेगी और मुख्यमंत्री भी बीजेपी का ही बनेगा।

### 'कांग्रेस दो मुहा सांप'

अनिल विज ने कांग्रेस को दो मुहा सांपप कहते हुए कहा कि चुनाव पहले इनके (कांग्रेस के) राष्ट्रीय नेतृत्व ने कहा कि वह किसी को सीएम के चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ेंगे। आज हर आदमी अपनी दावेदारी कर रहा है। सुरजेवाला भी दावेदारी कर रहे हैं। भूपेंद्र हुड्डा भी कर रहा है। उनके सुपुत्र अपना अलग टोला बनाकर घूम रहे हैं, वह भी दावेदारी कर रहे हैं। कुमारी सैलजा भी दावेदारी कर रही हैं। पल-पल में बदलना ही कांग्रेस की नीति है।

### 'कांग्रेस में महिलाओं का सम्मान नहीं'

कांग्रेस में कुमारी सैलजा पर की गई टिप्पणी को लेकर अनिल विज ने कहा कि अब एक बात जनता के सामने आ चुकी है कि कांग्रेस में महिलाओं का सम्मान नहीं है, जिस भाषा का सैलजा के बारे में प्रयोग में किया गया। वह असंसदीय और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल हुआ, वह अब केवल कांग्रेस का मामला नहीं रह गया। वह इस प्रदेश और देश का मामला है। इतनी बड़ी नेत्री को अप इस प्रकार का व्यवहार करते हैं। हरियाणा का एक-एक आदमी इस बात का कांग्रेस से हिसाब लेने के लिए तैयार बैठा है।

### '8 मिनट में पुलिस की मदद मिलना बड़ी बात'

अनिल विज ने कहा कि उनकी ओर से शुरू करवाई गई डायल-112 की सुविधा का आज पूरे हरियाणा को



लाभ मिल रहा है। 8 मिनट में पुलिस की मदद मिल जाना बहुत बड़ी बात है। इसके अलावा उन्होंने अंबाला के साथ पूरे प्रदेश के लिए और भी कई काम किए हैं।

### 'गुब्बारे बेचने वाले की तरह आते हैं उम्मीदवार'

विज ने कहा कि जब तक कोई काम पूरा नहीं हो जाता, वह उसके बारे में कभी कहते नहीं है। जनता में राजनेताओं ने अपना विश्वास खत्म किया हुआ है। चुनाव में बहुत लोग आ रहे हैं, जो वादे करते हैं और तरह-तरह की बातें करते हैं। जैसे गुब्बारे बेचने वाला रंग बिरंगे गुब्बारे लेकर आता है। हर चुनाव में यह उम्मीदवार भी वैसे आते हैं और लोगों को गुब्बारे बेचकर चले जाते हैं, लेकिन गुब्बारा तो उड़ जाता है। विज ने कहा कि वह कभी भी उस पर वोट नहीं मांगते, बल्कि जो काम कर दिए, उस पर वोट मांगते हैं।

## हरियाणा राजस्थान सीमा पर गैंगवार, दो युवकों को लगी गोली

नारनौल (भालेंद्र यादव)ः हरियाणा के नारनौल जिले से एक बड़ी खबर की जानकारी आई है।जहां पर जहा हरियाणा राजस्थान सीमा से सटे भगवाडी गांव में हरियाणा के दो गैंग में गंगवार देखने को मिला ।इस खूनी खेल में दो युवकों को गोली लगने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि राजस्थान पुलिस घायलों को बहरोड के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।पुलिस सूत्रों से मिली



जानकारी के मुताबिक राजस्थान के भगवाड़ी गांव में गैंगवार की घटना हुई है।घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी है। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची। घायल हिम्मत नाम के युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गाया है। घायल हिम्मत के कंधे में और विकास के एक सिर में और एक पैर में गोली लगी है। आरोपी घटना को अंजाम देकर हुए फरार हो गए है।फिलहाल पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।जल्द ही आरोपियों गिरफ्तार मामले का खुलासा किया जाएगा। गौरतलब है कि 20 सितंबर को हरियाणा के रोहतक में पलोटरा गैंग और राहुल बाबा के बीच गैंगवार हुई थी।दोनों ही गैंग के बीच शराब के ठेके पर जोरदार फायरिंग हुई।रोहतक के सोनीपत रोड स्थित बलियाना मोड़ के नजदीक शराब ठेके पर बैठे 5 युवकों पर मोटरसाइकिल सवार युवकों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी, इस गोलीबारी में 3 की मौत हो गई।2 लोग बुरी तरह घायल हुई थे।

## मत जीतने के लिए लोगों का मन जीतना आवश्यक, चुनाव से पहले प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**चंडीगढ़ ।** चंडीगढ़ (चंद्र शेखर धरणी)ः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को ''मेरा बूथ सबसे मजबूत'' कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाणा के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से ÷आडिओ ब्रिज÷ तकनीक के माध्यम से सीधा संवाद कर उन्हें अपने बूथ पर कमल खिलाने का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे हरियाणा के कार्यकर्ताओं के साथ बहुत समय तक नजदीक से धरातल पर काम करने का और बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हरियाणा की नई और पुरानी पीढ़ी के कार्यकर्ताओं की कर्मठता हमेशा उन्हें प्रेरणा देती रही है।

हरियाणा के लोगों का खुशमिजाज स्वभाव और गंभीर से गंभीर बात को तार्किक ढंग से मजाकिया लहजे में हल्का-फुल्का बना देना हरियाणा से ही सीखा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हरियाणा से उनका विशेष नाता रहा है। विधानसभा चुनाव के लिए हरियाणा के कार्यकर्ता दिन-रात जुटे हुए हैं और ''मेरा बूथ सबसे मजबूत'' के मंत्र के साथ अपना बूथ जीतने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने की उनकी एक ही रणनीति है,चुनाव जीतने का अर्थ है पोलिंग बूथ जीतना, जो बूथ जीतता है, वही चुनाव जीतता है। हरियाणा का प्रत्येक पोलिंग बूथ भारतीय जनता पार्टी की मजबूत चौकी है और भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता किसी भी बूथ में अपना झंडा झुकने नहीं देता है, इसलिए हर पोलिंग बूथ के कार्यकर्ता को गर्व होना चाहिए। प्रत्येक कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान कराने के लिए मेहनत करता है।

### दस सालों से जनता के मुद्दों से दूर गुटबाजी में व्यस्त थी कांग्रेस

कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का आधार सिर्फ झूठ बोलने पर टिका है। कांग्रेस के लाउडस्पीकर जो पहले बड़े-बड़े दावे कर रहे थे, उनका करंट भी पूरी तरह से कमजोर हो चुका है और कांग्रेस लगातार कमजोर होती जा रही है। पिछले 10 वर्षों में कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी कमजोर रही है। कांग्रेस का अधिकतर समय गुटबाजी में और एक दूसरे का हिसाब चुकता करने में बीता है। कांग्रेस पार्टी पिछले 10 सालों में जनता के मुद्दों से दूर रही है और सारी राजनीति अपने परिवारों के लिए अथवा अपने गुटों के लिए की है। इसी कारण कांग्रेस हरियाणा की जनता का विश्वास कभी भी नहीं जीत सकती। कांग्रेस के आंतरिक कलह से हरियाणा का बच्चा-बच्चा परिचित है, लेकिन हमारी रणनीति उनके कलह पर केंद्रित नहीं होनी चाहिए, हमें अपने परिश्रम से अपना झंडा लहराना है।

### जागरूक है हरियाणा की जनता

प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा की जनता बहुत जागरूक है, वे जानते हैं कि हरियाणा का विकास बिना किसी रोक-टोक के तेज गति से आगे बढ़ाना है और दिल्ली में जिसकी सरकार हो उसी की सरकार को हरियाणा में भी लाना पड़ेगा। हरियाणा ने पिछले सात दशकों में लगातार यही किया है। इस बार भी हरियाणा दिल्ली की भाजपा सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर हरियाणा को हिंदुस्तान का नंबर एक राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। इसलिए हमें जनता की इस भावना का आदर करते हुए,अपनी ताकत पोलिंग बूथ में लगानी है।

### हरियाणा की धरती पर किया है काम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मुझे दो बार आने का मौका मिला और नागरिकों का उत्साह और उमंग देखकर हैरान हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं हरियाणा की धरती पर काम करके निकला हुआ कार्यकर्ता हूं और मुझे पूरा विश्वास है कि हरियाणा की जनता ने बीजेपी को फिर से एक बार सेवा करने का अवसर देने का निर्णय कर लिया है। हरियाणा की जनता 10 साल में बिना भ्रष्टाचार और बिना खर्ची-पर्ची की सरकार से खुश है।

### मत जीतने से पहले मन जीतने का दिया मंत्र

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता रणवीर सिंह मंडल ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है और हरियाणा की जनता का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अटूट विश्वास कायम है। प्रधानमंत्री ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र की सराहना करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को प्रत्येक घर में अपनी



सरकार की उपलब्धियों और संकल्पों को बेहतर ढंग से समझाने का मार्गदर्शन दिया। प्रधानमंत्री जी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आम जनता का मन जीत लेना अधिक आवश्यक है, क्योंकि मन जीतने के बाद मत जीतना सरल हो जाता है। इस अवसर पर हरियाणा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को बताया कि हरियाणा की जनता को आयुष्मान कार्ड और जन-धन योजना का लाभ विशेष रूप से मिल रहा है और इससे जनता में भारतीय जनता पार्टी के सकारात्मक कार्यों का विशेष प्रभाव है। इस अवसर पर रोहतक के अपने पुराने दिनों के साथी कार्यकर्ता जयनारायण खूँदिया को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने भावुकतापूर्वक उनके मंत्र के अनुरूप प्रत्येक कार्यकर्ता से अपने बूथ पर भाजपा की विजय सुनिश्चित करने की अपील की।

### तीसरी बार प्रचंड बहुमत से बनने जा रही भाजपा सरकार

कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विजय निश्चित है। चुनाव में अब एक हफ्ते का समय बचा है और सभी कार्यकर्ताओं को पोलिंग बूथ के एक-एक परिवार को लक्षित करके पूरी कर्मठता के साथ काम करें। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं को प्रत्येक घर के लोगों को अपने साथ जोड़कर मतदान कराने के दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि वे आने वाले एक हफ्ते में अपनी सारी ताकत झोंक दें और कांग्रेस के फैलाए गए झूठ की चिंता छोड़ दें। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि हरियाणा की जनता ने लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का निर्णय कर लिया है।

## विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय,





संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** स्वच्छता ही सेवा-2024 कार्यक्रम का विधिवत आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद में दिनांक 26.09.2024 को रक्त दान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर कार्यक्रम का आयोजन गणेश हॉस्पिटल, नेहरू नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश एवं भगवान बुद्ध चैरिटेबल ब्लड बैंक, वसुंधरा, सेक्टर-5, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के सहयोग से किया गया। शिविर का उद्घाटन बिरज कुमार सिंह एवं अनुज स्वरूप ने किया इस अवसर पर बिरज सिंह ने बताया कि गणेश हॉस्पिटल पिछले 28 सालो से अपनी सेवा दे रहा है और सामाजिक कमो में हमेशा से आगे रहा है. हमलोग अक्सर इस तरह का कैंप लगाते रहते हैं। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी श्री अनुज स्वरूप, भारतीय विदेश सेवा द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम की सार्थकता का एक प्रमुख पहलू यह भी है कि इस शिविर के माध्यम से रक्तदान एवं स्वास्थ्य के प्रति सजगता के महत्व के सम्बंध में जन-जागरूकता फैलाने का भी प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद के कार्मिकों के साथ ही भारत सरकार के अन्य कार्यालयों के कार्मिकों ने एवं अन्य नागरिकों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे इस शिविर का सफल एवं सार्थक आयोजन सुनिश्चित हो सका।

## हर मंगलवार को मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ कराएगा हनुमान मंगलमय परिवार: वीके शर्मा हनुमान हनुमान मंगलमय परिवार के चयरमैन बने वीके अग्रवाल





संस्कार उजाला

**गाजियाबाद(आशा चौधरी)** हनुमान मंगलमय परिवार ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी बीके शर्मा हनुमान, पवन जिंदल, राम अवतार जिंदल, मुख्य ट्रस्टी ने गुरुवार को संयुक्त रुप से राष्ट्रपति पदक पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ समाजसेवी वी के अग्रवाल को हनुमान मंगलमय परिवार ट्रस्ट का चेयरमैन नियुक्त किया। जीटी रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों को संबोधित करते हुए हनुमान मंगलमय परिवार के मुख्य ट्रस्टी बी के शर्मा हनुमान ने कहा कि हनुमान मंगलमय परिवार ट्रस्ट कई वर्षों से धार्मिक आयोजनों के माध्यम से शहर में नई दिशा तय कर रहा ह। यह पात्र कन्याओं की शादियां, हवन, यज्ञ द्वारा सनातन धर्म की गतिविधियों द्वारा एक संदेश देने का प्रयास कर रहा है। अन्य ट्रस्टी पवन जिंदल व राम अवतार जिंदल ने कहा कि आज सनातन धर्म अनेकानेक विधर्मियों के स्वास्थ्य की दृष्टि से खानपान में शुद्धता बनाये रखने के लिए लोगों को जागरुक करने का काम कर रहा है। इसके साथ ही हमारा संगठन सनातन धर्म के पूज्य धमार्चार्य के खिलाफ षड्यंत्र रचने वाले को सबक सिखाने के लिए हनुमान मंगलमय परिवार संकल्पित है। हनुमान मंगलमय परिवार ट्रस्ट के नवनियुक्त चयरमैन वीके अग्रवाल ने कहा कि अब हनुमान मंगलमय परिवार के सदस्य हर मंगलवार को महानगर के अलग-अलग मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ कराएंगे। इसके साथ ही उन्हें मंदिरों, धर्मशाला, पवित्र स्थान पर हनुमान चालीसा के साथ-साथ सुंदरकांड करने के लिए अधिकृत किया गया है। जाता है। इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा द्वारा सभी का अगन्तुकों व मीडिया बंधुओं का सम्मान किया गया। प्रेस वार्ता में इस अवसर पर पंडित आरसी शर्मा, कपिल पंडित, राजीव शर्मा, देवेंद्र हितकारी, डॉ देवेंद्र शर्मा, रवि शंकर शर्मा, गंगासागर ओझा भी मौजूद थे।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने ओबीसी मोर्चा एवं अन्य ओबीसी वर्ग के सहित अन्य कार्यकताओं की भारी संख्या व नेताओं के साथ ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व में गाजीपुर बॉर्डर से राहुल गांधी के आवास की ओर भरी हुंकार





संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** महानगर ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष मनोज यादव अपने सभी साथियों सहित गाजीपुर पहुंचे। वहां से काफिला निजी कारों और बसों से दिल्ली में अकबर रोड पर राहुल गांधी के आवास का घेराव करने के लिए गाजीपुर बॉर्डर पर एकजुट हुए। यह प्रदर्शन उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री और भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में आरक्षण को लेकर बयान देने से ओबीसी वर्ग में रोष है राहुल गांधी के प्रति आक्रोश है। राहुल गांधी के बयान के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट करने और राहुल गांधी के आवास को घेरने के लिए भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने ओबीसी मोर्चा एवं अन्य ओबीसी वर्ग के सहित अन्य कार्यकताओं की भारी संख्या व नेताओं के साथ ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व में गाजीपुर बॉर्डर से राहुल गांधी के आवास की ओर भरी जा रही हुंकार में शामिल हुए। गाजियाबाद महानगर ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष मनोज यादव अपने सभी साथियों सहित गाजीपुर पहुंचे। वहां से काफिला निजी कारों और बसों से दिल्ली में अकबर रोड पर राहुल गांधी के आवास का घेराव करने के लिए गाजीपुर बॉर्डर पर एकजुट हुए। यह प्रदर्शन उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री और भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व में हुआ। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में भारतवर्ष के पिछड़ों के आरक्षण को समाप्त करने की बात कही थी. राहुल गांधी के बयान पर पिछड़े समाज के लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

# भाजपा ने दिखाई यूपी गेट पर ताकत, बड़ी संख्या में जुटे नेता व पदाधिकारी

**राहुल गांधी के आरक्षण विरोधी बयान पर ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप का बड़ा प्रदर्शन**

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में आरक्षण विरोधी बयान को लेकर गुरुवार को ओबीसी मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी की ओर से यूपी गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की कमान खुद ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप संभाल रहे थे। भारतीय जनता पार्टी और ओबीसी मोर्चा ने घोषणा की थी कि गुरुवार को बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली स्थित राहुल गांधी के आवास का घेराव कर वहां प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन की चेतावनी के मद्देनजर दिल्ली पुलिस और गाजियाबाद पुलिस ने गाजीपुर बॉर्डर पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर बैरिकेडिंग कर दी थी ताकि प्रदर्शनकारी दिल्ली की सीमाओं में प्रवेश न कर सकें। भाजपा नेताओं को जैसे ही यूपी गेट पर दिल्ली जाने से रोका गया, उन्होंने अपना राहुल गांधी के खिलाफ धरना प्रदर्शन वही शुरू कर दिया था। राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा के तमाम नेता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और उनके आरक्षण समाप्त करने के भाषण की निंदा करते हुए प्रदर्शन किया। भाजपा के 47 पदाधिकारियों को पुलिस ने लिया हिरासत में,





प्रदर्शनके बाद हुई रिहाई राहुल गांधी के आवास घेराव कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं ने जब यूपी गेट पर नारेबाजी शुरू की और दिल्ली में प्रवेश करने का प्रयास किया तो इस दौरान दिल्ली पुलिस ने भाजपा के 47 से अधिक पदाधिकारी एवं नेताओं को हिरासत में लेते हुए बसों में बैठा लिया इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की दिल्ली पुलिस और वहां तैनात सुरक्षा बलों से नोकझोंक भी हुई। काफी देर तक हंगामा चला, बाद में दिल्ली पुलिस ने सभी को चेतावनी देकर रिहा किया। ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा जारी रहेगी आर-पार की लड़ाई गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के अमेरिका में दिए आरक्षण विरोधी बयान का विरोध करने के लिएबड़ी संख्या में ओबीसी मोर्चे औरभारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी दिल्ली में प्रवेश करने की योजना बना रहे थे। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कार्यक्रम की कमान संभाले हुए थे, धरना प्रदर्शन एवं राहुल गांधी के खिलाफ आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं की भीड़ जुटी। सभी ने दिल्ली में प्रवेश करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस की लंबी बैरिकेडिंग और बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात होने की वजह से वह दिल्ली में प्रवेश नहीं कर सके। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि राहुल गांधी के द्वारा जो बयान आरक्षण के संबंध में दिया था ,उसका विरोध लगातार जारी रहेगा बीजेपी इस मामले पर चुप नहीं बैठेगी। राहुल गांधी ने जिस तरीके से आरक्षण समाप्त करने वाला बयान दिया था ,इसको लेकर पिछड़ों में काफी नाराजगी है। राज्यसभा और लोकसभा में भी उठाएंगे मुद्दा : नरेन्द्र कश्यप भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने कहा है कि वह राहुल गांधी के आरक्षण विरोधी बयान को लेकर आगे की रणनीति बना रहे हैं। जिसके तहत अब राहुल गांधी को राज्यसभा और लोकसभा में घेरने की तैयारी है। भाजपा के शीर्ष नेता और केंद्रीय मंत्री राहुल गांधी के खिलाफ योजना बंद तरीके से आगे का कार्यक्रम संचालित करेंगे। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा पप्पू पहलवान रामचंद्र प्रधान जयप्रकाश कुशवाहा हरवीर पाल प्रदेश मीडिया प्रभारी सौरभ जयसवाल ब्रह्म प्रकाश पाल मनोज गोयल यतेंद्र नागर प्रवीण भाटी आशु वर्मा रीना भाटी योगेश भाटी देवेंद्र यादव श्यामवीर चौधरी विजय धामा संजीव भाटी हरेंद्र चौधरी सोनू बंसल प्रियंक गुर्जर उमेश भाटी जीतपाल कश्यप ओमप्रकाश कश्यप थान सिंह कश्यप विजयपाल कश्यप मनोज रवि प्रधान प्रदीप कश्यप प्रमोद कश्यप आशुतोष शर्मा अमन कुमार आशुतोष कश्यप सचिन कश्यप अर्पण कश्यप विशाल कश्यप सुनील कश्यप आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

## न कटेंगे, ना बटेंगे, ना बाटने देंगे, हनुमान मंगलमय परिवार के चयरमैन बने वीके अग्रवाल



संस्कार उजाला

**माधव कुमार संवाददाता**

**गाजियाबाद** स्विस होटल जीटी रोड पर हनुमान मंगलमय परिवार ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी बीके शर्मा हनुमान, पवन जिंदल, राम अवतार जिंदल, मुख्य ट्रस्टी की अध्यक्षता में शहर के राष्ट्रपति पदक पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ समाजसेवी वी के अग्रवाल को हनुमान मंगलमय परिवार ट्रस्ट का चेयरमैन नियुक्त किया गया इस अवसर पर मुख्य ट्रस्टीयो ने कहा कि हनुमान मंगलमय परिवार ट्रस्ट कई वर्षों से धार्मिक आयोजनों के माध्यम से शहर में नई दिशा तय कर रहा है जैसे पात्र कन्याओं की शादियां हवन यज्ञ द्वारा सनातन धर्म की गतिविधियों द्वारा एक संदेश देने का प्रयास किया है आज सनातन धर्म अनेकानेक विधर्मियों के द्वारा स्वास्थ्य की दृष्टि से खानपान में विशुद्धता का प्रचार प्रसार करना सनातन धर्म के पूज्य धमार्चार्य के खिलाफ षड्यंत्र रचना आदि हनुमान मंगलमय परिवार संकल्पित है ऐसे विधर्मियों को मुंहतोड़ जवाब देना इस अवसर पर श्री दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर के पीठाधीश्वर, जूना अखाड़े के प्रवक्ता श्री महंत नारायण गिरी ने वी के अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा कि अब सनातन धर्म के अनुयाई जाग गया है वीके अग्रवाल ने कहा कि हनुमान मंगलमय परिवार के तत्वाधान में समस्त भारतवर्ष के सनातनियों को एक जुट करने के लिए प्रत्येक मंगलवार के दिन एक साथ हनुमान चालीसा /सुंदरकांड का आयोजन करके देश में एक मिसाल कायम करेंगे और सनातनियों को एक जूट करेंगे ना जात, न पात, केवल सनातन होगा हनुमान मंगलमय परिवार के मुख्य ट्रस्टी बी के शर्मा हनुमान, पवन जिंदल, राम अवतार जिंदल, ने ट्रस्ट का चयरमैन मनोनीत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से हर मंदिरों धर्मशाला पवित्र स्थान पर हनुमान चालीसा सुंदरकांड करने के लिए अधिकृत किया गया जाता है जिसका समय 7 बजे से प्रभु इच्छा तक यह आयोजन किए जाएंगे इस अवसर पर श्री महंत नारायण गिरी जी महाराज, विनीत कुमार शर्मा राष्ट्रीय महासचिव, राजीव शर्मा, आचार्य मनीष शर्मा राष्ट्रीय महासचिव, को विश्व ब्रह्मर्षि ब्राह्मण महासभा के ऐतिहासिक कार्यक्रम मे अध्यक्षता करने वाले राम अवतार जिंदल द्वारा 108 विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के महानुभाव के उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा द्वारा सभी का सम्मान किया गया इस अवसर पर पंडित आरसी शर्मा, कपिल पंडित, राजीव शर्मा, देवेंद्र हितकारी, डॉ देवेंद्र शर्मा, रवि शंकर शर्मा, गंगासागर ओझा मौजूद थे

## थाना भोजपुर मदरसे में पढ़ने वाले छात्रने आस मोहम्मद के गर्दन पर हथियार सेकिया वार



संस्कार उजाला

**गाजियाबाद(आशा चौधरी)** एक बड़ा ही चौंकाने वाला मामला सामने आया बताते चलें मौलवी के डाटने पर मदरसे में रखी धारदार हथियार से मौलवी पर किया वार मौलवी आस मोहम्मद के गर्दन पर लगा धारदार वस्तु से मौलवी के डाटने पर मदरसे में पढ़ने वाले छात्र ने मदरसे में रखी धारदार वस्तु से मौलवी पर किया वार मौलवी आस मोहम्मद के गर्दन पर लगा धारदार वस्तु से मौलवी आस मोहम्मद हुए गंभीर घायल मदरसे में पढ़ाई ना करके 14 वर्षीय छात्र कर रहा था शरारत मौलवी के डांटना और मदरसे ना आने की नसीहत से आहत होकर 14 वर्ष से छात्र ने किया मौलवी के गर्दन पर धारदार वस्तु से वार मौलवी आस मोहम्मद को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर मौलवी की हालत स्थिर पुलिस जांच में जुटी।

## नगर निगम मुख्यालय में पार्षद कक्ष के जीर्णोद्धार के लिए नगरायुक्त को लिखा पत्र।



संस्कार उजाला

**गाजियाबाद(आशा चौधरी)** नवयुगमार्केट स्थित नगर निगम मुख्यालय के तृतीय तल पर एक पार्षद कक्ष बना हुआ है जिस में निगम के सभी पार्षद बैठ कर अपना कार्य करते है उस कक्ष की दयनीय हालत को ठीक करवाने के लिए पार्षद नीरज गोयल ने एक पत्र नगर आयुक्त के नाम लिखा जिसे देने के लिये पार्षद नगरायुक्त के कार्यालय पर पहुँचे जहाँ नगर आयुक्त ने पार्षद को 45 मिनट तक इंतजार करवाया और बिना मिले व बात करें वह अपने कार्यालय से बाहर चले गए। लम्बा इंतजार करने के बाद पार्षद नीरज गोयल ने पार्षद कक्ष के जीर्णोद्धार के लिए लिखा पत्र नगरायुक्त कार्यालय में जमा करवा कर कहा कि निगम कार्यालय में तृतीय तल पर सभी 100 पार्षद व 10 मनोनीत पार्षदो के लिए एक कक्ष बना हुआ है। जिस में कोई भी पार्षद बैठ कर निगम सम्बंधित कार्य, इंतजार आदि कर सकता हैं। वास्तव में इस कक्ष की हालत बहुत ही दयनीय है मेरी जानकारी के अनुसार पार्षद कक्ष की फॉल्स सीलिंग अपने आप ही गिर गयी। ईश्वर की कृपा रही उस समय उस कक्ष में कोई पार्षद या अन्य व्यक्ति नही था नही तो जानमान की भी छती हो सकती थी। कक्ष की दीवारों पर पेंट, बिजली की फिटिंग, ए0सी0 व फर्नीचर भी ठीक नही है। बैठने के लिए जितने सोफे है वो उतने ही तरह के है कुर्सी भी पुरानी व टूटी हुई अलग अलग तरह की रखी हुई है वाटर कूलर रखा तो है लेकिन खराब व बिना पानी की बोतल के रखा है। नीरज गोयल ने पत्र में कहा कि मुझे लगता है यह पार्षद कक्ष कम स्टोर रूम ज्यादा है। अत: पार्षद कक्ष का जीर्णोद्धार कराया जाए।

## राजननगर की रामलीला का शुभारंभ 29 सितम्बर से श्री खाटू महोत्सव के साथ




संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** श्री रामलीला समिति राजनगर के तत्वाधान में राजनगर रामलीला मैदान में रामलीला का शुभारंभ 29 सितम्बर से श्री खाटू महोत्सव के साथ किया जाएगा। रामलीला का समापन 14 अक्टूबर को भरत मिलाप, राजतिलक व आतिशबाजी के साथ होगा। गुरुवार को राजनगर रामलीला मैदान में आयोजित प्रेस वार्ता में श्री रामलीला समिति राजनगर के संरक्षक पूर्व विधायक जितेन्द्र यादव, अध्यक्ष जय कुमार गुप्ता, महामंत्री आरएन पांडेय, कोषाध्यक्ष राजीव मोहन, क्षेत्रीय पार्षद प्रवीण चौधरी, आदि से संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि रामलीला का शुभारंभ 29 सितम्बर को खाटू श्याम महोत्सव से शुरू हो 30 सितम्बर को सायं साढे सात बजे से रात्रि ग्यारह बजे तक श्री गणेश पूजन करके क्षेत्र में शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद डांडिया नाईट का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि रामलीला का मंचन एक अक्टूबर से होगा, जिसमें पहले दिन नारद मोह, रावण, वेदवती संवाद, मातृपितृ भक्त श्रवण कुमार के वृतान्त का मंचन किया जाएगा। राजनगर रामलीला आयोजको ने दावा किया कि रामलीला देखने के लिए बड़ी स्क्रीन लगाया गया है। इस बार सुरक्षा व खाद्य पदार्थो में शुद्धता बनाये रखने व साफ सफाई के लिए विशेष प्रबंध किये गया है। मेले में आने वाले सभी बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों की सुरक्षा व ध्यान रखने के लिए अलग से स्वयं सेवकों को लगाया जाएगा। इन सब ने इस बार की रामलीला पिछली बार की रामलीलाओं से अधिक भव्य होने का दावा किया है।प्रेस वार्ता में संरक्षक पूर्व विधायक जितेन्द्र यादव, अध्यक्ष जय कुमार गुप्ता, महामंत्री आरएन पांडेय, कोषाध्यक्ष राजीव मोहन, क्षेत्रीय पार्षद प्रवीण चौधरी, केपी गुप्ता, राकेश मिश्रा, सुभाष शर्मा, अमरीश त्यागी, ब्रज मोहन सिंघल, जेपी अग्रवाल पदाधिकारी मौजूद थे।

## जीडीए कर्मचारी दे रहे हैं मुकदमा दर्ज कराने की धमकी किसान को बिना मुआवजा दिये भूमि पर जमाया अपना कब्जा।

**जीडीए पर जबरन भूमि से दखल करने के लिए नोटिस भेजने का आरोप**

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** किसान की भूमि पर जबरन कब्जा किया जीडीए प्राधिकरण ने जीडीए प्राधिकरण की मनमानी आई सामने भूमि पर काम करने जाने पर जीडीए कर्मचारी दे रहे हैं मुकदमा दर्ज कराने की धमक विकास प्राधिकरण द्वारा करीब 11 साल पहले तीन योजना मास्टर प्लान रोड, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और इलेक्ट्रिक सब स्टेशन के लिए किसानों से ली गई जमीन का उचित मुआवजा नहीं दिया गया। यह मामला अभी अदालत में विचाराधीन है। इसी बीच भूमि पर काम करने जाने पर जीडीए के कर्मचारी व अधिकारी किसान के परिवार को जबरन भूमि से दखल करने के लिए नोटिस भेजने रहे हैं। इतना ही नहीं वह किसान के पुत्र व अन्य परिजनों का उत्पीड़न कर उन्हें कथित तौर पर अधिग्रहित भूमि पर काम करने जाने पर मुकदमा दर्ज कराने की धमकी भी दे रहे हैं। इससे परेशान होकर एक मृतक किसान के पीड़ित बेटे ने जीडीए उपाध्यक्ष व विद्युत विभाग के संबंधित



अधिकारियों के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी, युवा विंग के अध्यक्ष सुनील कुमार प्रजापति एडवोकेट, महासचिव सुमित कुमार त्यागी एडवोकेट ने गुरुवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में बताया कि कि गांव मोरटी में रहने वाले राजकुमार की 50 वर्ष की आयु में 2022 में मृत्यु हो चुकी है। उनका आरोप है कि जीडीए जोन-1 के प्रभारी अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने मृतक किसान रामकुमार की पत्नी व पुत्र को उनकी पुस्तैनी जमीन को प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित बताते हुए उस पर काम करने से रोका जा रहा है, जबकि इस जमीन का न तो को मुआवजा दिया गया है और न ही इसके विकल्प में कोई अन्य सम्पत्ति ही देने का प्रस्ताव भेजा है। राष्ट्रीय सैनिक संस्था के युवा विंग के अध्यक्ष सुनील कुमार प्रजापति एडवोकेट ने बताया कि वर्ष 2013 में प्राधिकरण द्वारा तीन योजनाओं के लिए अधिग्रहित की गयी भूमि में तत्कालीन एडीएम (भूमि अधि.) धनश्याम सिंह द्वारा बहुत कम मुआवजा राशि तय की गयी, जिसे किसानों ने नही लिया और मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसके बावजूद प्राधिकरण बिना मुआवजा दिये किसान परिवार को काम करने से रोक रहा है। उन्होंने दावा किया है कि स्थानीय स्तर पर इस मामले की कोई सुनवाई न होने पर उन्होंने इस मामले में जीडीए उपाध्यक्ष व विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011